हिंदी दैनिक
नागपुर मेट्रो समाचार
नागपुर, सोमवार, 9 दिसंबर 2024

# मेट्रो सिटी

पत्रकार अभय यादव को उनकी लॉकडाउन पर आधारित शॉर्ट मूवी के लिए प्रतिष्ठित पुरस्कार से किया गया सम्मानित

# 2030 तक इलेक्ट्रिक वाहन उद्योग में 4 करोड़ नौकरियां सृजित होंगी

## > एआईएस बैटरी सुरक्षा सुनिश्चित करती है: गडकरी

**नागपुर.**

पिछले तीन वर्षों में इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहनों में आग लगने की 30 घटनाएं सामने आईं, जिससे ई-वाहन बाजार पर प्रभाव पड़ा। इस समस्या का समाधान ढूंढ़ने के लिए रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) और भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) की विशेषज्ञ समिति ने बैटरी सुरक्षा पर शोध किया। इसके तहत ऑटोमोटिव इंडस्ट्री स्टैंडर्ड सुरक्षा रेटिंग को अपनाया गया है। अब इलेक्ट्रिक बसों में फायर डिटेक्शन अलार्म लगाना भी अनिवार्य कर दिया गया है, इसकी जानकारी केंद्रीय मंत्री नितीन गडकरी ने दी। गडकरी ने यह जानकारी राज नगर स्थित केंद्रीय गृह मंत्रालय के अधीन नेशनल फायर सर्विस कॉलेज में आयोजित 'इलेक्ट्रिक वाहन अग्नि दुर्घटनाओं के प्रबंधन' पर एक कार्यशाला में दी।

कार्यशाला में गडकरी ने बताया कि केंद्रीय परिवहन मंत्रालय

ने 2022 में ईवी बैटरी अपशिष्ट प्रबंधन के लिए नए नियम तैयार किए। इन नियमों के तहत बैटरी निर्माताओं के लिए बैटरी की रिकवरी और रीसाइक्लिंग को अनिवार्य किया गया है। उन्होंने यह भी कहा कि भविष्य के ईंधन जैसे हाइड्रोजन, इथेनॉल, सीएनजी और इलेक्ट्रिक ऊर्जा के उपयोग से लागत प्रभावी, प्रदूषण रहित और सुरक्षित परिवहन सुनिश्चित होगा। किरण चंद्र शर्मा ने इलेक्ट्रिक वाहनों के तकनीकी पहलुओं पर प्रकाश डाला, जबकि विवेक श्रीवास्तव ने कार्यशाला के आयोजन और फिल्म के निर्माण की भूमिका पर चर्चा की। उन्होंने बताया कि प्रतीक गांधी को अग्नि सुरक्षा का ब्रांड एंबेसडर बनाया गया है। संचालन श्वेता शेलगावकर ने किया।

कार्यशाला में गडकरी ने बताया कि केंद्रीय परिवहन मंत्रालय ने 2022 में ईवी बैटरी अपशिष्ट प्रबंधन के लिए नए नियम तैयार किए। इन नियमों के तहत बैटरी निर्माताओं के लिए बैटरी की रिकवरी और रीसाइक्लिंग को अनिवार्य किया गया है। उन्होंने यह भी कहा कि भविष्य के ईंधन जैसे हाइड्रोजन, इथेनॉल, सीएनजी और इलेक्ट्रिक ऊर्जा के उपयोग से लागत प्रभावी, प्रदूषण रहित और सुरक्षित परिवहन सुनिश्चित होगा। किरण चंद्र शर्मा ने इलेक्ट्रिक वाहनों के तकनीकी पहलुओं पर प्रकाश डाला, जबकि विवेक श्रीवास्तव ने कार्यशाला के आयोजन और फिल्म के निर्माण की भूमिका पर चर्चा की। उन्होंने बताया कि प्रतीक गांधी को अग्नि सुरक्षा का ब्रांड एंबेसडर बनाया गया है। संचालन श्वेता शेलगावकर ने किया।

### ईवी बैटरियों की सुरक्षा पर शोध और सुधार

गडकरी ने बताया कि पिछले 3 वर्षों में इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहनों में आग लगने की 30 घटनाएं हुई थीं, जिससे ईवी बाजार पर असर पड़ा था। रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) और भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) की विशेषज्ञ समितियों ने बैटरी सुरक्षा पर शोध कर आवश्यक सुधार किए हैं। अब ऑटोमोटिव इंडस्ट्रीज स्टैंडर्ड (एआईएस) के तहत बैटरी सुरक्षा सुनिश्चित की गई है, और इलेक्ट्रिक बसों में फायर डिटेक्शन अलार्म अनिवार्य कर दिया गया है।

# बाइक सवार म्यूजिक टीचर की दुर्घटना में मौत

## > चार पहिया गाड़ी ने पीछे से मारी थी टक्कर

**नागपुर।**

बजाज नगर पुलिस थाने के वर्धा रोड स्थित दंतेश्वरी झोपड़पट्टी के पास दुपहिया सवार बुजुर्ग संगीत शिक्षक को एक महिंद्र चार पहिया गाड़ी ने टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल शिक्षक की इलाज के दौरान अस्पताल में मौत हो गई।

मृतक की पहचान कृष्णा नारायणराव भोयर (74) प्लाट नंबर 4/ए, अभिनव कॉलोनी,पंचदीप नगर वर्धा रोड निवासी के रूप में हुई है। कृष्णा संगीत शिक्षक थे। गुरुवार सुबह करीब 9:30 बजे के दौरान वह अपनी एक्टिवा गाड़ी (क्र.एमच 31 / ई.वी. 4765 ) से अपनी क्लास के लिए जा रहे थे। इसी दौरान दंतेश्वरी झोपड़पट्टी के पास स्थित रामसंस हार्डवेयर नामक दुकान के सामने सड़क पर महिंद्र चार पहिया गाड़ी (क्र.एम एच 40 / सी.क्यू.3996 ) के चालक ने तेज गति व लापरवाही से अपनी गाड़ी चलाते हुए कृष्णा की मोपेड गाड़ी को पीछे से टक्कर मार दी।

इस घटना में अनियंत्रित होकर कृष्णा सिर के बल सड़क पर गिरने से जख्मी हो गए। हालांकि इस घटना के बाद चार पहिया गाड़ी के चालक ने उन्हें तुरंत इलाज के लिए अपनी गाड़ी में डालकर मेडिकल अस्पताल में दाखिल करवाया परंतु जांच के दौरान ही डॉक्टर ने उसे मृत घोषित किया। पुलिस ने फरियादी प्रवीण कृष्णा भोयर (49) की शिकायत पर चार पहिया गाड़ी के चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया और आगे की जांच कर रही है

# अंजुमन हाई स्कूल और जूनियर कॉलेज में विज्ञान प्रदर्शनी

**नागपुर.** अंजुमन हाई स्कूल और जूनियर कॉलेज में भव्य विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया, जिसमें हाई स्कूल और जूनियर कॉलेज के छात्रों की नवोन्मेषी सोच और वैज्ञानिक क्षमता को प्रदर्शित किया गया। इस कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि ताहसीन मिर्जा और सम्माननीय अतिथि फरजाना हुसैन (स्कूल समिति के सदस्य) ने किया।

प्रधानाचार्या राबिया अंजुम ने विद्यालय की गतिविधियों को उजागर किया, जबकि उप-प्रधानाचार्य श्री मोहम्मद जावेद ने प्रदर्शनी के उद्देश्य और थीम पर प्रकाश डाला। पर्यवेक्षिका सफिया बेगम और अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने भी कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। प्रदर्शनी में कई कार्यशील मॉडलों को प्रस्तुत किया गया, जिनमें एक रोबोटिक आर्म, पवन टरबाइन, चंद्रयान मॉडल, स्वचालित सिंचाई प्रणाली और सौर ऊर्जा से चलने वाले वाहन शामिल थे। विज्ञान और गणित के चार्ट, जैसे न्यूटन के नियम, आवर्त सारणी, और पाइथागोरस प्रमेय जैसे विषयों को रचनात्मक ढंग से प्रदर्शित किया गया। छात्रों ने अपने प्रोजेक्ट्स को उत्साहपूर्वक प्रस्तुत किया, जो अभिभावकों और शिक्षकों सहित सभी दर्शकों को प्रभावित कर गए। इस कार्यक्रम को श्री मोहम्मद मुज़म्मिल फैसल और श्री मोहम्मद साजिद जैसे शिक्षकों ने मार्गदर्शन दिया, जिसमें टीमवर्क, आलोचनात्मक सोच और नवाचार पर जोर दिया गया। प्रदर्शनी का समापन शिक्षकों, गैर-शिक्षण कर्मचारियों और छात्रों के सामूहिक प्रयासों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए हुआ, जिसने सभी उपस्थित लोगों को छात्रों की रचनात्मकता और प्रतिभा से प्रेरित किया।

# बांग्लादेश में हिंदू समाज पर हो रहे अत्याचारों के विरोध में मोर्चा और सभा

**नागपुर.**

बांग्लादेश में हिंदू और अन्य अल्पसंख्यक समुदायों पर हो रहे जिहादी अत्याचारों के विरोध में सकल हिंदू समाज महाराष्ट्र द्वारा जागतिक मानवाधिकार दिवस के अवसर पर नागपुर में एक विशाल मोर्चा और सभा का आयोजन किया जा रहा है। यह मोर्चा 10 दिसंबर को दोपहर 4 बजे व्हेरायटी चौक, नागपुर से शुरू होगा।

बांग्लादेश में हिंदू, सिख, जैन और बौद्ध समुदायों को निशाना बनाते हुए उनके घरों में आगजनी, लूटपाट और तोड़फोड़ की जा रही है। मंदिरों और प्रार्थना स्थलों पर हमले कर मूर्तियों को तोड़ा जा रहा है। हिंदू महिलाओं और बच्चियों के साथ बलात्कार और हत्याओं की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं।

इसके अलावा, स्वामी चिन्मयदास समेत 16 हिंदू नेताओं को राजद्रोह के आरोप में गिरफ्तार कर लिया गया है। उनकी पैरवी कर रहे मुस्लिम वकील की हत्या कर दी गई है और एक अन्य वकील गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती हैं।

हिंदू समाज पर हो रहे इन जिहादी अत्याचारों ने अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार हनन की भयावहता को उजागर कर दिया है। सकल हिंदू समाज ने भारत सरकार, संयुक्त राष्ट्र और अन्य अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार संगठनों से त्वरित कार्रवाई की मांग की है।

सकल हिंदू समाज ने नागरिकों से अपील की है कि वे इस न्याय यात्रा में भारी संख्या में शामिल होकर बांग्लादेश के हिंदू समाज की आवाज को मजबूत करें। धर्म और मानवाधिकार की रक्षा के लिए यह प्रयास अत्यंत महत्वपूर्ण है।

# विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष पद को लेकर अनिश्चितता

## > गुजरात सहित कई राज्यों में नहीं है पद

**नागपुर.** महाराष्ट्र विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष पद को लेकर अनिश्चितता बनी हुई है। किसी भी दल के पास पर्याप्त संख्या बल नहीं होने के कारण गुजरात विधानसभा 2 साल से नेता प्रतिपक्ष के बिना चल रही है। महाराष्ट्र में भी लगभग वैसी ही स्थिति है। नेता प्रतिपक्ष नियुक्ति का अधिकार विधानसभा अध्यक्ष को है, हालांकि अभी विधानसभा अध्यक्ष भी नहीं चुना गया है। नागपुर में होने वाले शीतकालीन अधिवेशन के लिए प्रोटेम विधानसभा अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। फिर भी माना जा रहा है कि शीतसत्र में ही विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष पद को लेकर स्थिति साफ हो सकती है।

महाराष्ट्र विधानसभा में 288 सदस्य हैं। विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष को कैबिनेट मंत्री का दर्जा दिया जाता है। नेता प्रतिपक्ष के लिए संबंधित दल

के पास कुल सदस्यों की संख्या में से 10 प्रतिशत सदस्य संख्या आवश्यक है। विधानसभा में एक एंग्लो इंडियन प्रतिनिधि नामांकित सदस्य रहता है। लिहाजा 289 सदस्यों की विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष के लिए संबंधित दल के पास 29 सदस्य आवश्यक हैं। फिलहाल विपक्ष के पास यह संख्या नहीं है। शिवसेना उद्धव के 20, कांग्रेस 16 व राकांपा शरद पवार के 10 सदस्य हैं। अकेले बल पर विपक्ष को कोई भी दल नेता प्रतिपक्ष का दावा नहीं कर सकता है। विपक्ष का नेतृत्व कर रही महाविकास आघाड़ी ने मिलकर चुनाव लड़ा। जानकारों के अनुसार विधानसभा में भी आघाड़ी बनाकर नेता प्रतिपक्ष पद के लिए दावा कर सकती है। ऐसे में सभा में कांग्रेस, शिवसेना उद्धव व राकांपा शरद पवार का अलग गट नहीं रहेगा। इसमें भी आघाड़ी के नेता प्रतिपक्ष संबंधी प्रस्ताव को स्वीकृत करना विधानसभा अध्यक्ष का अधिकार है।

लोकसभा का पिछला कार्यकाल नेता प्रतिपक्ष के बिना ही चला। फिलहाल गुजरात के अलावा आंध्रप्रदेश, अरुणाचल प्रदेश, मणिपुर, नागालैंड व सिक्किम विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष नहीं हैं। महाराष्ट्र के समान बड़े राज्य गुजरात में 2022 में विधानसभा चुनाव का परिणाम एकतरफा आया था। गुजरात विधानसभा में 182 सदस्य हैं। भाजपा के 156, कांग्रेस 17 व आम आदमी पार्टी के 5 सदस्य हैं। अधिकतर राज्यों में विधानमंडल का एक ही सदन है। महाराष्ट्र, बिहार, उत्तर प्रदेश, आंध्रप्रदेश, कर्नाटक व तेलंगाना में विधानसभा के अलावा विधान परिषद है। महाराष्ट्र में विधान परिषद के चुनाव और नियुक्तियों के बाद नेता प्रतिपक्ष को लेकर विधानसभा समान स्थिति बन सकती है।

**संख्या कम रहने पर भी नियुक्ति**

जानकारों के अनुसार संख्या कम रहने पर भी नेता प्रतिपक्ष की नियुक्ति होती रही है। 10 प्रतिशत संख्या नहीं होने की स्थिति में विपक्ष के विधायकों के निवेदन पर अध्यक्ष यह नियुक्ति करते रहे हैं। तीन दशक पहले राज्य में कांग्रेस का दबदबा रहा है। कई बार विपक्ष की स्थिति वह बनती रही है जो अब दिख रही है। भारतीय किसान और श्रमिक पार्टी ने सर्वाधिक बार नेता प्रतिपक्ष की जिम्मेदारी संभाली है। नेता प्रतिपक्ष रहे यहां के विधायक बाद में राज्यपाल, मुख्यमंत्री व राष्ट्रपति भी बने हैं। रोचक बात है कि 2014 में देवेंद्र फडणवीस के नेतृत्व की सरकार के समय 23 दिन तक नेता प्रतिपक्ष रहे एकनाथ शिंदे बाद में मंत्री बन गए। नेता प्रतिपक्ष पद पर सबसे कम समय तक रहने का रिकार्ड शिंदे के नाम है।

# डॉ. नितिन राउत ने पांचवीं बार ली विधानसभा सदस्य के रूप में शपथ

## > हाथ में संविधान लेकर दी 'जय भीम' की घोषणा

**मुंबई/नागपुर.** विधानसभा के विशेष सत्र में आज उत्तर नागपुर के विधायक डॉ. नितिन राउत ने पांचवीं बार विधानसभा सदस्य के रूप में भारतीय संविधान के प्रति निष्ठा की शपथ ली। इस मौके पर डॉ. राउत ने संविधान हाथ में लेकर "जय भीम" की घोषणा की और संविधान निर्माता डॉ. बाबासाहब आंबेडकर व तथागत भगवान बुद्ध का नामोल्लेख करते हुए शपथ ग्रहण की। बीते दिन ईवीएम का मुद्दा उठाते हुए विपक्षी दलों के विधायकों ने शपथ न लेने का निर्णय घोषित किया था। लेकिन आज कांग्रेस

के वरिष्ठ नेता और उत्तर नागपुर के विधायक डॉ. राउत ने अपने नाम "डॉ. नितिन तुलजा काशीनाथ राउत" के जरिए अपनी माता का सम्मान करते हुए शपथ ली।

डॉ. राउत ने इस अवसर पर भगवान गौतम बुद्ध को साक्षी मानते हुए और डॉ. बाबासाहब आंबेडकर को नमन करते हुए तीन दिवसीय विशेष सत्र में भारतीय संविधान के प्रति एकनिष्ठता की शपथ ली।

# 12 जनवरी से राज्य स्तरीय मराठी सम्मेलन

**नागपुर.**

नूतन भारत विद्यालय और जूनियर कॉलेज, विदर्भ साहित्य संघ, नागपुर नगर निगम, शिक्षा विभाग नागपुर, और मराठी अध्ययन केंद्र मुंबई के संयुक्त तत्वावधान में आगामी 12 से 14 जनवरी 2025 के बीच राज्य स्तरीय मराठी भाषाप्रेमी शैक्षिक साहित्य सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। सम्मेलन की तैयारियों को लेकर शनिवार को आयोजन समिति की एक बैठक आयोजित की गई। अभ्यंकर नगर स्थित नूतन भारत विद्यालय में हुए इस बैठक में नागपुर संभाग शिक्षा मंडल के संयुक्त सचिव रवींद्र काटोलकर, नूतन भारत शिक्षण संस्थान के कार्यकारी अध्यक्ष समीर महाजन, सचिव रमेश बक्शी, प्राचार्य एवं आयोजक डॉ. वंदना बडवाईक,

सह-आयोजक संध्या महाजन सहित अन्य गणमान्य उपस्थित थे। इनके साथ कनिष्ठ महाविद्यालयीन मराठी विषय शिक्षक महासंघ के प्रा.सपन नेहरोत्रा, प्रा. संजय तिजारे, प्रा किशोर वरभे, प्रा. नीता खोत, प्रा. शालिनी तेलरांधे, प्रा. मृगा पागे, मराठी भाषा वाचन संकाय की आयोजक प्रतिभा लोखंडे व देहाडराय, मंदा उमाटे और अन्य शिक्षक उपस्थित थे।

**धीरे-धीरे अपनी पहचान खो रही मराठी भाषा**

डॉ. वंदना बिडवाईक ने बैठक के दौरान सम्मेलन की तैयारियों का निरीक्षण किया और सुझाव दिए। रवींद्र काटोलकर ने बैठक में चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि अंग्रेजी भाषा के बढ़ते प्रभाव के कारण मराठी भाषा धीरे-धीरे अपनी पहचान खो रही है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि मराठी भाषा की विशेषताओं को बनाए रखने के लिए माता-पिता और शिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका है।

**भाषा की विरासत को संरक्षित करना जरूरी**

उन्होंने कहा कि इस सम्मेलन का उद्देश्य मराठी भाषा को पुनर्जीवित करने के लिए एक व्यापक आंदोलन खड़ा करना है। रमेश बख्शी ने बताया कि इस सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य मराठी भाषा की विरासत को संरक्षित करना, युवाओं में इसके प्रति रुचि जगाना और समाज में मराठी भाषा के महत्व को बढ़ावा देना है। इस सम्मेलन में राज्यभर से साहित्यकारों, स्कूलों, मीडिया प्रतिनिधियों, अभिभावकों, युवाओं और उद्यमियों को आमंत्रित किया जाएगा। उन्होंने बैठक में शामिल सभी सदस्यों का सहयोग और समन्वय के लिए आभार व्यक्त किया।

# भारतीय मुस्लिम समुदाय बांग्लादेशी हिंदुओं के साथ खड़ा: प्यारे खान

**नागपुर.**

भारतीय मुस्लिम समुदाय ने बांग्लादेशी हिंदुओं के खिलाफ हो रही हिंसा की कड़ी निंदा करते हुए उनके साथ मजबूती से खड़े होने का संकल्प लिया है। हजरत बाबा ताजुद्दीन ट्रस्ट और महाराष्ट्र अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष प्यारे खान ने कहा कि इस्लाम धर्म के संस्थापक पैगंबर मुहम्मद ने दया, सहिष्णुता और अन्य धर्मों के लोगों की सुरक्षा का संदेश दिया है।

उन्होंने कहा कि भारतीय मुसलमान हर प्रकार के अन्याय और हिंसा के खिलाफ हैं। इसी के तहत नागपुर के मुसलमान 9 दिसंबर 2024 को शाम 6 बजे

ताजबाग स्थित हजरत बाबा ताजुद्दीन दरगाह शरीफ पर एकजुट होकर बांग्लादेशी हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करेंगे। प्यारे खान ने अपील की है कि इस प्रदर्शन में बड़ी संख्या में शामिल होकर मानवता और अपने हिंदू भाइयों के प्रति समर्थन प्रकट करें।

# शरद पवार का झूठ यानी संविधान का अपमान: बावनकुले

## हार स्वीकारने की जगह जनता को कर रहे हैं भ्रमित

**नागपुर.**

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले ने एनसीपी प्रमुख शरद पवार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि "मैं शरद पवार का सम्मान करता हूं। उन्हें लंबे राजनीतिक अनुभव हैं, लेकिन इस उम्र में ऐसा झूठ बोलना और जनता को भ्रमित करना गलत है। यह संविधान और डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर का भी अपमान है।"

बावनकुले ने कहा, "शरद पवार को राज्य में हुई हार स्वीकार करनी चाहिए। जब हार को स्वीकार नहीं कर पाते, तो जनता को भ्रमित करने और अपनी विफलताओं को छुपाने का काम करते हैं। अब ईवीएम मशीन पर दोष मढ़कर फिर से अपनी असफलता का पाप कर रहे हैं।"

विधान भवन परिसर में मीडिया से बात करते हुए बावनकुले ने कहा, "विधानसभा चुनावों में जनता ने उन्हें नकार

दिया है। अब स्थानीय निकाय चुनावों में हार का डर उन्हें परेशान कर रहा है। यही वजह है कि वह अपना जनाधार बचाने के लिए नए प्रयास कर रहे हैं। लेकिन मारकडवाड़ी में जुटे लोग उनकी पार्टी के कार्यकर्ता हैं, वहां की असली जनता कहां है?"

### ईवीएम पर सवाल उठाने वालों को देना चाहिए इस्तीफा

ईवीएम पर सवाल खड़े करने को लेकर बावनकुले ने कहा, "उत्तम जानकर ने कहा है कि वह इस्तीफा देने को तैयार हैं। अगर ऐसा है, तो महाविकास अघाड़ी के जिन नेताओं ने ईवीएम से जीत हासिल की है, उन्हें भी अपने पद छोड़ देने चाहिए। जनता को भ्रमित करने के लिए ये सब चालें चल रही हैं।" बावनकुले ने कहा, "जब लोकसभा चुनाव में हमें बड़ी हार मिली, तो हमने ईवीएम को दोष नहीं दिया। हमने अपनी गलतियों को सुधारा और आगे बढ़े। पवार को भी अपनी हार से सबक लेना चाहिए। यही महाराष्ट्र की जनता भी चाहती है।"

### महाराष्ट्र विकास चाहता है, नौटंकी नहीं

बावनकुले ने आगे कहा, "मुझे लगता है कि महाराष्ट्र अब इन नौटंकियों से तंग आ चुका है। महाराष्ट्र विकास की ओर देख रहा है। देवेंद्र फडणवीस के नेतृत्व में महायुति की सरकार राज्य को ताकतवर बनाएगी। महाराष्ट्र को हमसे बड़ी उम्मीदें हैं।"

# क्रिसमस और नया साल मनाने विदेश की बुकिंग बढ़ी

## > किराए में भी 40 प्रतिशत बढ़ोतरी

**नागपुर.** नए साल के जश्न को लेकर लोगों ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। नया साल लोगों के लिए नई उम्मीद और नए उत्साह की तरह होता है। कुछ लोग इस खास दिन को फैमिली के साथ घर पर रहकर सेलिब्रेट करते हैं, तो वहीं कुछ लोग बाहर घूमने का प्लान बनाते हैं। पिछले कुछ वर्षों में नागपुर से नया साल मनाने के लिए आउटर पर जाने का क्रेज बढ़ा है।

ट्रैवल एजेंट इरशाद मेहंदी ने बताया कि नया साल मनाने के लिए नागपुर के लोग दुबई, वियतनाम, बाली, सिंगापुर जैसे डेस्टिनेशन पर जाना पसंद कर रहे हैं। यही कारण है कि यहां से विदेशी डेस्टिनेशंस के

लिए डिमांड काफी बढ़ी है। उसी प्रकार दिसंबर माह में बर्फबारी का आनंद लेने के लिए डोमेस्टिक में कुल्लू-मनाली, शिमला, कश्मीर, गोवा की मांग है। विदेश जाने का प्लान 1-2 महीना पहले ही बनाया जाता है, लिहाजा बुकिंग बढ़ने के कारण फ्लाइट का किराया भी 30-40 प्रतिशत तक बढ़ गया है। 35 से 40 हजार रुपए के बीच मिलने वाली टिकट अभी से 50 से 55 हजार रुपए तक पहुंच गई है। जैसे-जैसे दिन करीब आएगा, किराए में और बढ़ोतरी होगी।

विदेशों में छुट्टियां मनाने जाने के लिए अक्सर लोग ग्रुप बनाकर निकलते हैं। नागपुर से भी काफी लोग ग्रुप में विदेश जा रहे हैं। टूर ऑपरेटर से ग्रुप पैकेज में बुकिंग की जाती है, ताकि विदेश में भ्रमण करने और अन्य बातों में किसी प्रकार की परेशानी न हो।

**नागपुर से 2 अंतरराष्ट्रीय उड़ानें**

विदेश जाने के लिए नागपुर से दोहा, शारजाह के लिए सीधी उड़ान सेवा है। इन दोनों डेस्टिनेशन से यूरोपिय देशों के लिए कनेक्टिंग फ्लाइट्स मिल जाती हैं। नागपुर से शारजाह जाने के लिए सप्ताह में 2 उड़ानें हैं। उसी प्रकार यहां से दोहा जाने के लिए रोज रात में एक विमान सेवा है।

# नवगठित नगर पंचायत भवन सहित कोंढाली में जन सुविधाओं का इंतजार

## > कोंढाली नगर पंचायत के लिए आवश्यक विकास निधि कब होगी उपलब्ध ?

**कोंढाली के लिए प्रमुख मांगें:**
प्रशासनिक भवन और नगर कार्यालय।
मुख्य और आंतरिक सड़कों की मरम्मत।
स्वच्छता गाड़ियां, एम्बुलेंस।
खेल मैदान, उद्यान, पुस्तकालय।
बिजली और पानी आपूर्ति प्रबंधन।
घन कचरा प्रबंधन।

**कोंढाली.**

कोंढाली के विकास की दृष्टि से यदि ग्राम पंचायत को अपग्रेड कर नगर पंचायत बना दिया जाए तो काफी विकास होगा, यहां के अधिकांश राजनीतिक दल 2013 से ही इस विचार से ग्राम पंचायत को अपग्रेड करने के लिए अपने वरिष्ठों को बयान दे चुके हैं। और नगर पंचायत तक पहुंचने के लिए आवश्यक सभी प्रक्रियाओं को पूरा करने के बाद, कोंढाली नगर पंचायत 10 वर्षों के बाद एक वास्तविकता बन गई! हालाँकि, सात महीने बाद भी, कोंढाली नगर पंचायत के लिए आवश्यक सुविधाएं प्रदान करने के लिए आवश्यक विकास निधि की कमी दिखाई दे रही है।

कोंढाली ग्राम पंचायत को अपग्रेड किया गया और आखिरी सरकारी आदेश 9 अक्टूबर को नगर पंचायत के रूप में पारित किया गया।

नगर पंचायत के रूप में सरकारी आदेश जारी होते ही कोंढाली ग्राम पंचायत की सीमा के भीतर सभी सरकारी भवन और संपत्तियां कोंढाली नगर पंचायत की मानी जाएंगी। नगर पंचायत बनने के सात माह बाद भी कोंढाली नगर पंचायत को कोंढाली शहरी क्षेत्र के विकास के लिए आवश्यक विकास निधि नहीं मिली है. चूंकि नगर पंचायत का चुनाव नहीं है, इसलिए नगर पंचायत के विकास कार्यों की योजना बनाने की जिम्मेदारी नगर पंचायत प्रशासक की है.

नगर पंचायत प्रशासक धनंजय बोरिकर द्वारा यहाँ विकास कार्यों के लिये विकास निधी के लिए रुपये का प्रावधान के लिये प्रशासन से निधि की मांग की है.

वर्तमान में कोंढाली नगर पंचायत के पास अपना प्रशासनिक भवन भी नहीं है, वर्तमान में पुराने ग्राम पंचायत का प्रशासन भवन से चल रहा है। लेकिन नगर पंचायत के सभी विभागों को समायोजित करने की कोई व्यवस्था नहीं है. नगर पंचायत भवन के लिये नगर पंचायत के खुद की जगह है. यहां साप्ताहिक बाजार भरता है . यहाँ लगभग साढे छह एकर जमीन पर नगर भवन के लिये आवश्यक जगह पहले ही उपलब्ध है.

इसी प्रकार यहाँ राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे की सरकारी जमीन (ला भू विद्यालय के बाजू में बाहरी लोगों द्वारा कब्जा की गई जमीन भी है)

दरअसल, नगर पंचायत को अपने सभी कार्यालयों के लिए अपने भवन की जरूरत है. इस के लिये नगर पंचायत के पास खुद की ही जगह भी उपलब्ध है.

बुनियादी और बुनियादी सुविधाओं की तत्काल आवश्यकता नागरिकों का कहना है कि 14 महीने बाद भी कोंढाली नगर पंचायत की नागरिक सेवाओं की बुनियादी सुविधाओं के लिए शहरी विकास विभाग से आवश्यक धनराशि जारी करने में देरी हो रही है.

नगर पंचायत भवन सहित सभी नगर पंचायत कार्यालयों, संबंधित कार्यालयों के लिये आवश्यक नगर अधिकारियों और कर्मचारियों की नियुक्ती , भूमिगत नालियां, मुख्य सड़क की मरम्मत और आंतरिक सड़क निर्माण, स्वच्छता अभियान घंटा गाड़ी (06), ट्रैक्टर (03), टैंकर(02),, अत्याधुनिक एम्बुलेंस, 01, सभी सुविधाओं से युक्त तथा प्रतियोगिताओं के परीक्षा तैयारी हेतु लायब्ररी (पुस्तकालय), स्वच्छता गृह, खेल का मैदान, वरिष्ठ नागरिक मनोरंजन केंद्र और उद्यान, घन कचरा प्रबंधन, डंपिंग यार्ड, पेयजल प्रबंधन, बिजली आपूर्ति प्रबंधन, सांस्कृतिक कार्यक्रम भवन, नगर पंचायत विद्यालय, श्मशान घाट, मृत पशुओं के दफन के स्थान, सांस्कृतिक भवन,तथा नगर पंचायत के लिये आवश्यक कार्यालयीन कामकाज हेतु कार्यालय घनकचरा व्यवस्थापन के लिये 6 घंटागाडी(कचरा गाडी) की मांग अनेक माह से की जा रही है फिर भी अब तक नगर विकास प्रशासन तथा जिल्हाधिकारी इस महत्त्वपुर्ण मांग पर ध्यान नही दे रहे.

इन सभी सुविधाओं को उपलब्ध कराने के लिए कोंढाली के नागरिकों को नगर पंचायत प्रशासक के माध्यम से नगर विकास विभाग से मांग करने की मांग यहाँ के जनप्रतिनिधी स्वप्निल व्यास, संजय राऊत, बालकिसन पालीवाल,केशवराव धुर्वे, कमलेश गुप्ता,याकूब पठाण, राजदिप सिंह,दुर्गा प्रसाद पांडे, ब्रजेश तिवारी, राजेंद्र खामकर, गोपाल माकोडे, सुरेंद्र भाजीखाये,महेंद्र धर्मे, आकाश गजबे, नितीन ठवले,अंसार बेग, बबलू बिसेन, अशपाक काजी,कुणाल भांगे, प्रवीण गोडबोले,गौरव ठवळे,अफसर हुसेन, राजा पठाण,रोहीत गोलाईत, प्रज्वल धोटे,अन्नू पठाण,आयुष्यमान पांडे, दिपक मेश्राम,फैजान शेख,प्रमोद आष्टणकर,विकास कामडी, बाबा राव,संजय गायकवाड, चंद्रशेखर चरडे,परिमल हिंगणकर, आदी द्वारा मांग की गयी है.

# 68 वें महापरिनिर्वाण दिवस पर महामानव डॉ. बाबासाहब अंबेडकर को अभिवादन

**खापरखेड़ा.**

स्थानीय भारतीय बौद्ध महासभा, आम्रपाली व संघमित्रा महिला मंडल एवं राहुल नवयुवक संघ, शाखा-नया बीना, भानेगांव के तत्वावधान से नया बीना बौद्ध विहार में भारतरत्न डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर के 68 वें महापरिनिर्वाण दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया था. कार्यक्रम की शुरुआत किशोर चव्हाण व इंदू शेंडे द्वारा भारतरत्न डॉ. बाबासाहेब अम्बेडकर की तस्वीर पर माल्यार्पण और नीला झंडा आधा फहराया कर की गयी. भारतीय बौद्ध महासभा नया बीना एवं कार्यक्रम अध्यक्ष डॉ. जितेन्द्र सावजी तागड़े ने कंहा की, डॉ. बाबासाहब अंबेडकर के सामाजिक कार्यों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण स्वीकार कर समानता के मार्ग पर चलना ही महामानव के के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। सामूहिक बुद्ध वंदना के बाद सल्लागार समिती के लक्ष्मण लांजेवार, तुलशीराम बागडे, कृष्णाजी वासनिक, ओमप्रकाश गौरकर, भैय्याजी सोनटक्के, अभियंता उत्तम खोब्रागडे, अरुण नारनवरे के नेतृत्व में नीले पंछियों का झुंड नया बीना वार्ड नंबर1 और 2 से कैंडल मार्च लेकर निकला. बौद्ध विहार के मैदान में आने के पश्चात डॉ. बाबासाहब अम्बेडकर और माता रमाई की पूर्ण प्रतिमा के सामने मोमबत्तियाँ प्रज्वलित कर, समापन गाथा और महामानव को श्रद्धांजलि अर्पित करके कार्यक्रम का समापन किया गया. इस अवसर पर भारतीय बौद्ध महासभा के कोषाध्यक्ष रविंद्र ढोके, सचिव मुकेश बागडे. अनिल लांजेवार, अशोक नारनवरे, नरेश डोंगरे, ज्ञानेश्वर ढोके, मिलींद गौरकर, पृथ्वीराज गोलाईत, भानेगांव ग्रामपंचायत सदस्य सोनाली बागडे, आम्रपाली व संघमित्रा महिला मंडल की कांताबाई बागडे, सत्याफुला कांबले, रेखा लांजेवार, नंदाबाई सोमकुंवर, प्रभाबाई लोखंडे, मीना ढोके, मीना रविन्द्र ढोके, वंदना गणवीर, सारिका तागडे, रोहणी धनवटे, सुनंदा लांजेवार, लताताई खोब्रागडे, प्रिया डोंगरे, कल्पना वासनिक, प्रिती गोलाईत, आशा गौरकर, रोशनी गौरकर, मनीषा चव्हाण, पिंकी गाडेकर, राहुल नवयुवक संघाचे अंकित लांजेवार, आकाश सोमकुंवर, सोनू गणवीर, बॉबी गणवीर, सोनू ढोके, संकेत वाहने, प्राचार्य अर्चना पाटील क्षेत्र के बाला-बालिका व नागरिक बहुसंख्या में उपस्थित थे. कार्यक्रम का प्रास्ताविक सारिका तागडे, संचालन मालवी नारनवरे तथा आभार मंगेश सोनटक्केने माना।

# ग्रामीण क्षेत्रों के गांवों में एसटी बसों का ठहराव सुनिश्चित करें

**हिंगना.** गांव-देहात और वर्धा जिले से नागपुर शहर की ओर जाने वाली एसटी बसों को वानाडोंगरी, नीलडोह और डिंगडोह क्षेत्रों में ठहराने की मांग जोर पकड़ रही है।

एसटी बसों में महिलाओं के लिए आधे टिकट का शुल्क लिया जाता है, लेकिन स्टार बसों में यह सुविधा उपलब्ध नहीं है। इस कारण कई महिलाओं को इस लाभ से वंचित रहना पड़ता है। वहीं, हिंगना से नागपुर की ओर जाने वाली एसटी बसें आधी खाली ही जाती हैं। यदि इन बसों को यहां से यात्रियों को बैठाने की अनुमति दी जाए, तो राज्य परिवहन विभाग को भी आर्थिक लाभ हो सकता है। हिंगना से निकलने के बाद एसटी के चालक और परिचालक वानाडोंगरी से सीताबर्डी और नागपुर के यात्रियों को नहीं लेते। बस यहां रुकती नहीं है। चालक-परिचालक यात्रियों को यह कहकर बिठाने से मना कर देते हैं कि बस केवल निर्धारित स्टॉप पर ही रुकेगी। कई बार यात्रियों को बीच रास्ते उतार दिया जाता है, लेकिन चढ़ने वाले यात्रियों को बस में बैठने की अनुमति नहीं दी जाती। इससे एसटी को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ता है।

विधान भवन सभागृह, मुंबई में शपथ ग्रहण के बाद विधायक संजय मेश्राम को शुभकामनाएं देते हुए पत्रकार अनिल धनविजय.

# चरण सिंह ठाकुर ने ली विधायक पद की शपथ

## विधानसभा की सीढ़ियों पर किया नमन

**काटोल.**

महाराष्ट्र के काटोल विधानसभा क्षेत्र के नवनिर्वाचित विधायक चरण सिंह ठाकुर ने 8 नवंबर को महाराष्ट्र विधानसभा में विधायक पद और गोपनीयता की शपथ ली। उन्हें यह शपथ प्रोटेम स्पीकर कालिदास कोळमकर ने दिलाई।

शपथ ग्रहण के पहले, चरण सिंह ठाकुर ने विधानसभा भवन के मुख्य द्वार की सीढ़ियों पर नतमस्तक होकर इसे "जन न्याय निर्माण का पवित्र मंदिर" बताते हुए नमन किया। इसके बाद उन्होंने विधानसभा में प्रवेश किया और विधिवत शपथ ली। शपथ ग्रहण के दौरान, उन्होंने अपने काटोल विधानसभा क्षेत्र, अपनी माता और अनुसया माता को स्मरण करते हुए उनके प्रति श्रद्धा प्रकट की। शपथ के बाद उन्होंने कहा, "मैं काटोल विधानसभा क्षेत्र के प्रत्येक नागरिक के सर्वांगीण विकास के लिए समर्पित हूं।" इस अवसर पर विधानसभा परिसर में उनके समर्थकों और क्षेत्र के नागरिकों ने भी उपस्थिति दर्ज कराई और उनके इस भावुक क्षण का साक्षी बने।

# भीलगांव में मनाई गई संत जगनाडे महाराज की जयंती

**कामठी.** भिलगांव में तेली समाज संगठन द्वारा संत जगनाडे महाराज की जयंती कार्यक्रम का धूमधाम, हर्षोल्लास से आयोजन किया गया. इस कार्यक्रम में तेली समाज के भाजपा ज़िला महामंत्री संकेत चंद्रशेखर बावनकुले आतिथ्य में तथा जिला परिषद सदस्य मोहन माकडे की अध्यक्षता में एवं भीलगांव भाजपा अध्यक्ष भास्कर भनारे, राष्ट्रीय तैलिक समाज शाहू महासभा महासचिव सुभाष श्रीराम घाटे, पूर्व उपसरपंच गुणवंत माकड़े की प्रमुख उपस्थिति में उपस्थित रहे. कार्यक्रम का शुभारंभ समाज के वरिष्ठ एवं वृद्ध जनों द्वारा संत जगनाडे महाराज के छाया चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण कर किया गया. कार्यक्रम दौरान जिला परिषद सदस्य मोहन माकडे संबोधित करते हुए कहा कि समाज तब तक उन्नति करता है जब समाज के लोग एक जुट होकर समाज को निरंतर बढ़ाने का काम करते है.

इस अवसर पर तंटा मुक्त अध्यक्ष शालिक बंजारी, शिवसेना शिंदे गुट कामठी तालुका अध्यक्ष संदीप जीभकाटे, ग्राम पंचायत सदस्य शेखर बंजारी, पोलिस पाटील ऋषभ पोटभरे, कामगार नेता प्रेमशंकर तिवारी, शेषराव लेंडे, पी. रमाकांत राव, अरुण पोटभरे, आकाश माकड़े, नितेश भनारे, प्रकाश मुंडले, हुकुम लेंडे, अनिकेत प्रगट, राजू वाड़ीभस्मे, जगदीश रहांगडले, पंकज प्रगट, सुकदेव बागवान, सुरेश शाहू, हर्षल जीभकाटे, धनंजय गिरी, रघुनाथ शिवणकर, कैलाश गणराज, विशाल बांगड़कर आदि सहित ग्राम पंचायत कर्मचारियों में अभिजीत लांबट, देवगीर गिरी, राजेश पोटभरे, दिलीप धोपटे एवं परमात्मा एक सेवक अध्यक्ष ज्ञानेश्वर भनारे, जितेन्द्र अतकरे, आकाश बावनकुले, प्रफुल्ल भनारे, रघुवीर सावरकर, शिवशंकर भनारे, श्रावण लांबट, अर्जुन सेलोकर, प्रभाकर बावनकुले सहित अन्य गणमान्य नागरिक प्रमुखता से मौजूद रहें. कार्यक्रम का संचालन व आभार प्रदर्शन युवा अध्यक्ष खोजेंद्र माकड़े ने व्यक्त किया.

# येरखेड़ा ग्रापं में मनाई संत जगनाडे महाराज जयंती

**कामठी.** येरखेड़ा ग्राम पंचायत में आज रविवार को संत संताजी जगनाडे महाराज की जयंती मनाई गई. इस अवसर पर सरपंच सरिता रंगारी ने शिवसेना उबाठा ज़िला संगठन प्रमुख राधेश्याम हटवार की प्रमुख उपस्थिति में संत जगनाडे महाराज की प्रतिमा का पूजन कर अभिवादन किया. इस मौके पर सरपंच सरिता रंगारी, तेली समाज अध्यक्ष राधेश्याम हटवार, उपाध्यक्ष सविता कुल्लारकर, सचिव शंकरा वाडिभस्मे, हरिहर गायधणे, गोपाल वंजारी, ताराचंद मुंडले, प्रभाकर गायधणे, सुरेश भणारे, भैय्यालाल माकडे, सुधाकर डोकारीमारे जया वाडिभस्मे, ज्ञानेश्वर वंजारी, ओंकार बावनकुळे, हर्षा पाटील, माधुरी वंजारी, उषा कारेमोरे, ममता भणारे, गीता गायधणे, वाडिभस्मे, रिद्देश पाटील, दिनेश आस्तनकार सहित अन्य गणमान्य नागरिक प्रमुखता से मौजुद रहें.

# गांव में अजगर देख ग्रामीणों में मचा हड़कंप

## > मौके पर पहुंची वन्य जीव पशु पक्षी संरक्षण संस्था की टीम

**हिंगना.**

टाकली सुमठाणा के रवींद्र मडावी, नंदकिशोर धुर्वे, अमर लोखंडे, शैलेश मसराम, प्रज्वल लोखंडे यह ग्रामीण युवक रात 8 बजे टहलने निकले थे। उन्होंने अचानक अजगर सांप देखा तो हड़कंप मच गया। ग्रामीणों ने तुरंत ही हिंगना के वन्य जीव पशु पक्षी संरक्षण संस्था से संपर्क कर अजगर सांप गांव में होने कि जानकारी दि। संस्थे के नागपूर जिल्हा प्रमुख पराग वानखेडे पाटील और उनके साथ सहकारी प्रवीण चंदेल, आकाश गजभिये, भुनेश ठाकरे, हर्षल शेंडे। घटना स्थल पर पहुचे और अजगर को पकडकर जंगल में सुरक्षित जगह छोड दिया गया।

# राजस्व विभाग ने अवैध रेत चोरी करते ट्रक को किया जब्त

**पारशिवनी.**

पारशिवनी-नागपुर रोड पर अवैध रेत की तस्करी करते हुए एक ट्रक को राजस्व विभाग ने शुक्रवार की शाम जब्त किया। ट्रक क्रमांक एमएच-40-सीटी-2357, जिसमें छह ब्रास रेत भरी हुई थी, रात के अंधेरे में पारशिवनी से नागपुर की ओर जा रहा था।

घटना तब सामने आई जब पुलिस विभाग की गश्ती टीम ने तामसवाड़ी गांव के पास ट्रक को संदिग्ध रूप से जाते हुए देखा। ट्रक चालक ने पुलिस से बचने की कोशिश में ट्रक को कच्चे रास्ते और झाड़ियों में ले जाने का प्रयास किया। हालांकि, कच्चा रास्ता होने के कारण ट्रक के पहिए मिट्टी में धंस गए, जिससे वह आगे नहीं बढ़ सका।

घटना की सूचना मिलने पर राजस्व विभाग और पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे।

उन्होंने ट्रक चालक से रेत ढुलाई की रॉयल्टी से संबंधित दस्तावेज मांगे, लेकिन चालक के ईट पास कोई वैध दस्तावेज नहीं मिले। इसके बाद राजस्व विभाग ने छह ब्रास रेत के साथ ट्रक को जब्त कर लिया।

**अवैध रेत तस्करी पर नहीं हो रही सख्त कार्रवाई**

पिछले कुछ दिनों से नागपुर, सावनेर और रामटेक की ओर बड़े पैमाने पर अवैध रेत की ढुलाई हो रही है। बड़े ट्रकों में रेत तस्करी के बावजूद इस पर सख्त कार्रवाई नहीं हो रही है। राजस्व विभाग की उदासीनता के चलते रेत चोरी के मामले दिन-ब-दिन बढ़ते जा रहे हैं, जिससे सरकारी राजस्व को भारी नुकसान हो रहा है।

# जीवन विकास स्कूल के विद्यार्थियों को स्वर्ण मेडल

**उमरेड.** क्रीडा व युवक सेवा संचालनालय महाराष्ट्र राज्य पुणे अंतर्गत जिला क्रीड़ा अधिकारी कार्यालय पुणे के तहत एस.बी. पाटिल पब्लिक स्कूल रावेर पिंपरी चिंचवड मे आयोजित अंतर शालेय राज्य स्तरीय कुराश खेल स्पर्धा में जीवन विकास विद्यालय उमरेड स्कूल के छात्रों ने हिस्सा लिया. इन छात्रो ने उत्कृष्ट प्रतिभा का परिचय देते हुए स्पर्धा में मेडल्स प्राप्त किए. इसमे साहिल रणधीर झाडे ने 73 किलोग्राम वर्ग में स्वर्ण मेडल पाकर राष्ट्रीय शालेय कुराश स्पर्धा रायपुर, छत्तीसगढ़ के लिए टीम मे अपना नाम दर्ज कराया. प्राची अमित समुंद्रे ने 57 किलोग्राम वर्ग में द्वितीय रजत मेडल, संकेत जीवन मांडवकर ने 45 किलोग्राम में द्वितीय-रजत मेडल, रित्विक राजेंद्र कुंभलकर ने 81+ किलोग्राम में द्वितीय रजत मेडल, अंशु किशोर वाघमारे ने 52 किलोग्राम में तृतीय कांस्य मेडल, विक्की सुरेश हरडे ने 60 किलोग्राम में तृतीय कांस्य मेडल प्राप्त किया. नागपुर जिले के उमरेड उपविभाग में जीवन विकास विद्यालय के छात्र खिलाड़ियों ने अपने विभाग की विजयी परंपरा को कायम रखा.

# नॅक द्वारा राम गणेश गडकरी कॉलेज को बी-ग्रेड

**सावनेर.**

स्थानीय नंदकृपा ग्रामीण विकास बहुउद्देशीय शिक्षा संस्थान द्वारा संचालित राम गणेश गडकरी कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय सावनेर में 28 एवं 29 नवंबर 2024 को नॅक पीयर टीम द्वारा महाविद्यालय का मूल्यांकन कर महाविद्यालय को बी-ग्रेड रेटिंग से सम्मानित किया गया इस समिति के अध्यक्ष देवी अहिल्या विश्वविद्यालय इंदौर, मध्य प्रदेश के डॉ ज्ञान प्रकाश समन्वयक मिजोरम विश्वविद्यालय के डॉ.जांगखोंगम डोंगल और चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी पंजाब से डॉ.निशा भार्गव समिति के सदस्य के रूप में शामिल थे 1 दो दिवसीय दौरे के दौरान, एनएएसी समिति ने छात्रों, अभिभावकों, पूर्व छात्र प्रबंधन बोर्ड के साथ बातचीत की और पुस्तकालय, कंप्यूटर प्रयोगशाला, भाषा विभाग, वाणिज्य विभाग, समाजशास्त्र विभाग, खेल विभाग, राष्ट्रीय सेवा योजना विभाग सहित कॉलेज के विभिन्न विभागों का निरीक्षण भी किया प्रथम प्रयास में नॅक की बी ग्रेड रेटिंग प्राप्त करने पर संस्था के अध्यक्ष मधुकरराव टेकाडे, उपाध्यक्ष ज्ञानेश्वर डहाके, सचिव प्रो. विजय टेकाड़े एवं प्रबंधन मंडल की ओर से कॉलेज की प्राचार्य प्रो. शोभा ताजने, नॅक समन्वयक डॉ. राकेश कोरेकर के साथ-साथ कॉलेज के प्रोफेसर, कर्मचारी, छात्र, अभिभावक और पूर्व छात्रों को उनके सहयोग के लिए उन्हें बधाई दी। सावनेर क्षेत्र की शिक्षण संस्थाओं एवं शिक्षा विशेषज्ञों तथा सावनेर के नागरिकों ने महाविद्यालय की सफलता के लिए शुभकामनाएं व्यक्त की

**जिले से तीसरा कॉलेज और तहसील से पहला कॉलेज**

ग्रामीण छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के एकमात्र उद्देश्य के साल 2009 में स्थापित, उक्त कॉलेज पिछले पंद्रह वर्षों से लगातार ग्रामीण छात्रों को ज्ञान प्रदान कर विश्वास के साथ शैक्षिक मंच के रूप में कार्य कर रहा है। सावनेर के शिक्षा क्षेत्र में ग्रामीण छात्रों के लिए। कॉलेज की स्थापना के बाद से आज तक कई छात्रों ने विभिन्न क्षेत्रों में खुद को साबित किया है। बीए और बीकॉम डिग्री वाले कई पूर्व छात्र सरकारी और निजी सेवाओं के साथ-साथ व्यावसायिक क्षेत्र में भी काम कर रहे हैं। एक गैर अनुदानित कॉलेज होने के बावजूद, यह नॅक ग्रेड प्राप्त करने वाला नागपुर जिले के ग्रामीण क्षेत्र में पारंपरिक पाठ्यक्रम चलाने वाला तीसरा और सावनेर तालुका में पहला कॉलेज है।

# दिनभर आसमान में छाए रहे बादल, देवरी में हल्की बारिश

## > वातावरण में आए बदलाव से किसानों की बढ़ी चिंता

गोंदिया. बंगाल की खाड़ी में आए फेंगल नामक तुफान के कारण पिछले चार-पांच दिनों से जिले में मौसम बदरीला बना हुआ है। 7 दिसंबर को देवरी तहसील मुख्यालय एवं सिरपुरबांध में लगभग 15 मिनिट तक हल्की बारिश हुई। इस तरह के वातावरण से जिले के धान उत्पादक किसानों की चिंता बढ़ गई है। विशेष रूप से जिन किसानों ने खरीप मौसम का धान काटकर चुराई के लिए खेतों में रखा है। उन्हे धान खराब होने की अधिक चिंता सता रही है।

गोंदिया जिले में अधिकांश धान की कटाई तथा चुराई का काम पुरा हो चुका है, लेकिन उच्च प्रजाती के धान की कटाई और चुराई का काम अभी भी अनेक स्थानों पर चल रहा है। किसानों ने खेतों में धान काटकर रखा हुआ है। लेकिन बदरीले वातावरण के कारण बारिश की आशंका के चलते वे चुराई करने से बच रहे है। किसानों को डर है कि अगर बारिश हुई तो खेतों में काटकर रखा गया धान भीग जाने से उसके पाखड़ होने की संभावना है। कुछ पैमाने पर खराब हुए धान (पाखड़) की खरीदी शासकीय धान खरीदी केंद्रों पर भी नहीं की जाती। बदरीले मौसम के कारण तापमान में भी बढ़ोत्तरी दर्ज की जा रही है। एक समय न्यूनतम तापमान 11 से 12 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया था, जो अब बढ़कर 19 से 20 जा पहुंचा है। खरीप मौसम में लगभग 1 लाख 87 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में धान की फसल लगाई गई थी। जिसमें से आधे से अधिक धान की कटाई पुरी हो गई है। लेकिन अभी भी हजारों हेक्टेयर क्षेत्र में काटा गया धान चुराई के लिए पड़ा हुआ है। बारिश होने पर इस धान का भारी नुकसान होने की संभावना जताई जा रही है। कृषि विभाग ने भी किसानों को मौसम का मिजाज देखकर ही कटाई करने की सलाह दी है। मौसम विज्ञान विभाग के प्रादेशिक मौसम केंद्र नागपुर ने अगले 5 दिनों के लिए मौसम का जो पूर्वानुमान जारी किया है। उसमें भी गोंदिया जिले में 8 दिसंबर को कुछ स्थानों पर बहुत हल्की से हल्की बारिश होने की अधिक संभावना व्यक्त की है।

### तापमान में भी बढ़ोत्तरी दर्ज की जा रही

जिले में कुछ स्थानों पर किसानों ने खेत की मेड पर तुअर की फसल भी लगाई हुई है। जिसमें फल्लियां आना शुरू हो गया है। ऐसे में कृषि विशेषज्ञों का कहना है कि लगातार बदरीला मौसम तुअर की फसल पर विपरित प्रभाव डाल सकता है। फसल में ईल्लियां लगने की संभावना भी है। इसके अलावा खेतों में सब्जियां भी लगाई हुई है। लेकिन इन पर कोई बहुत अधिक प्रभाव पड़ने की संभावना नहीं है। कुल मिलाकर मौसम के बदले मिजाज ने धान उत्पादक गोंदिया जिले के किसानों को फिलहाल तो चिंता में डाल दिया है। वे मौसम के साफ होने का इंतजार कर रहे है।

# दिसंबर अंत तक हो सकते है जिप पदाधिकारियों के चुनाव

गोंदिया.

विधानसभा चुनाव के कारण गोंदिया जिला परिषद के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं विषय समिति के सभापतियों के चुनाव पिछले माह टल गए थे। यह चुनाव अब इसी माह के अंत तक अथवा जनवरी की शुरूआत में होने की प्रबल संभावना है। गौरतलब है कि जिप अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं विषय समिति के सभापतियों का ढाई वर्ष का कार्यकाल 9 नवंबर 2024 को पुरा हो चुका है। जिसके बाद नियमानुसार नए पदाधिकारियों के चुनाव होने थे। लेकिन विधानसभा चुनाव की आचार संहिता लागू हो जाने के कारण यह चुनाव टल गए।

अब विधानसभा चुनाव की प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद जिप पदाधिकारियों के चुनाव की ओर जिप सदस्यों के साथ ही सामान्य नागरिकों की नजरे भी लगी हुई है। ढाई वर्ष पूर्व हुए जिला परिषद चुनाव में 53 सदस्यीय जिला परिषद में भाजपा, राकांपा एवं विधायक विनोद अग्रवाल के चाबी संगठन मिलकर दो निर्दलीय सदस्यों के साथ सत्ता स्थापित की थी। जिसमें अध्यक्ष एवं दो सभापति पद भाजपा को, उपाध्यक्ष एवं एक सभापति पद राकांपा को तथा एक सभापति पद निर्दलीय सदस्य को दिया गया था। अब विनोद अग्रवाल के भाजपा में शामिल होने के बाद जिप में भाजपा को अपने ही बल पर पूर्ण बहुमत प्राप्त हो गया है।

इसके बावजूद महायुति के प्रमुख घटक दल राकांपा के साथ ही मिलकर सत्ता स्थापित की जाएगी और इसमें दोनों ही दलों के वरिष्ठ नेताओं का फैसला ही अंतिम होगा।

पदों का बटवारा करते समय क्षेत्रीय समीकरणों का भी ध्यान रखा जाएगा। इसके लिए अब जिप सदस्य द्वारा अपने-अपने पार्टी आलाकमान के पास फिल्डिंग लगाए जाने का काम शुरू हो चुका है। अब देखना है कि 6 पदों का बंटवारा किस प्रकार होगा और अध्यक्ष, उपाध्यक्ष के साथ ही चार सभापति पदों पर किस दल के किस सदस्य को पार्टी द्वारा मौका दिया जाता है।

# शिवसेना (शिंदे गुट) का भव्य पक्ष प्रवेश संपन्न

हिंगनघाट.

2024 के विधानसभा चुनाव में चारों विधानसभा में महागठबंधन की जीत में सभी शिवसैनिकों और शिवसेना के पदाधिकारियों ने अहम भूमिका निभाई. विधानसभा चुनाव खत्म होते ही पूरे वर्धा जिले में शिवसेना में शामिल होने वालों की संख्या बढ़ती जा रही है इनमें हिंगनघाट-समुद्रपुर विधानसभा में शिवसेना फिर से मजबूत होती दिख रही है।

शिव सुमन मंगल कार्यालय में भव्य पार्टी प्रवेश हुआ.

सुनीता तांबोळी के नेतृत्व में सैकड़ों महिलाएं शिव सेना में शामिल हुईं। इसी तरह, हिंगनघाट शहर के सामाजिक कार्यकर्ता और कांग्रेस नेता राजू हिंगमायर भी अपने सभी सहयोगियों के साथ पार्टी में शामिल हुए।

इस पार्टी प्रवेश में विशिष्ट अतिथि एवं मार्गदर्शक के रूप में माननीय एकनाथ शिंदे साहब की बहन शुभांगी नंदगांवकर उपस्थित रहीं और उन्होंने पार्टी में शामिल होने वाली महिलाओं को बहुमूल्य मार्गदर्शन दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता शिवसेना जिला प्रमुख गणेश इखार ने की. महिला आघाडी जिला प्रमुख वंदना भुते, उप जिला प्रमुख रवि धोटे, युवा सेना जिला प्रमुख महेश मुडे, शिवसेना पदाधिकारी आतिश सातपुते, राहुल टेंभुने आदि उपस्थित थे. शिवसेना शहर प्रमुख प्रशांत लाहमगे, शहर संगठक अमित काले ने पार्टी प्रवेश बैठक का आयोजन किया.

# जिले में 100 दिनों तक क्षय रोग ग्रसित मरीज की होगी खोज

## केटीएस अस्पताल में मरीज खोज अभियान का उद्घाटन

गोंदिया :

सार्वजनिक स्वास्थ्य विभाग गोंदिया व जिला क्षयरोग केंद्र की सहायता से केटीएस शासकीय अस्पताल गोंदिया के जिला क्षयरोग केंद्र के सामने जिलास्तरीय 100 दिवसीय टीबी मुक्त भारत कार्यक्रम अंतर्गत मरीज खोज अभियान का उद्घाटन 7 दिसंबर 2024 को किया गया।

जिलाधिकारी प्रजीत नायर, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एम. मुरुगानंथम, जिला शल्य चिकित्सक डा. अमरिश मोहबे, जिला स्वास्थ्य अधिकारी डा. नितीन वानखेड़े के मार्गदर्शीय 100 दिवसीय टीबी मरीज खोज अभियान का उद्घाटन अतिरिक्त जिला शल्य चिकित्सक डा. तृप्ती कटरे, सहायक जिला स्वास्थ्य अधिकारी डा. अरविंदकुमार वाघमारे, जिला क्षयरोग अधिकारी डॉ. अभिजीत गोल्हार प्रमुख उपस्थिति में हुआ। इस समय एक्स-रे वैन को हरी झंडी दिखाई गई।

जिला क्षयरोग अधिकारी डा. अभिजीत गोल्हार ने कार्यक्रम की प्रस्तावना रखी। उन्होंने भारत सरकार के महत्वाकांशी नीति के अनुसार वर्ष 2025 टीबी मुक्त भारत कार्यक्रम अंतर्गत टीबी पर मात करने के लिए विविध उपकरणों के माध्यम से समाज से टीबी को दूर करने का उद्देश्य होने की बात कही। इस दृष्टि से देशभर के 346 जिलों में 100 दिवसीय टीबी मुक्त भारत कार्यक्रम अंतर्गत मरीज खोज अभियान 7 दिसंबर 2024 से शुरु किया गया है। सहायक जिला स्वास्थ्य अधिकारी डा. अरविंद कुमार वाघमारे ने टीबी मुक्त भारत व टीबी मरीज खोज अभियान में स्वास्थ्य कर्मचारी व विशेषत: ग्रामीण स्तरीय आशा सेविकाओं का योगदान व महत्व विशद कर उन्हें प्रोत्साहित किया। अतिरिक्त जिला शल्य चिकित्सक डॉ. तृप्ति कटरे ने बालकों में क्षयरोग संक्रमण को पहचानने के लिए बाई गंगाबाई महिला अस्पताल में जांच सुविधा उपलब्ध होने की बात कही। अंत में क्षय मरीजों को फूड बास्केट का वितरण कर टीबी चैम्पियन का सत्कार किया गया। संचालन पवन वासनिक ने तथा आभार क्षयरोग केंद्र के चिकित्सा अधिकारी डा. वेदप्रकाश चौरागड़े ने माना।

# सेना की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया

हिंगनघाट.

आचार संहिता खत्म होते ही मनसे के नये कार्यकारणी की घोषणा कर दी गयी है।महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना के अध्यक्ष राज ठाकरे के आदेश पर मनसे महाराष्ट्र के उपाध्यक्ष किशोर भाऊ सरायकर ने इस पद की घोषणा की. और संदेश दिया गया कि राज साहब के विचारों को घर-घर तक पहुंचाया जाए।यह पूरा कार्यक्रम जिला अध्यक्ष शंकर भाऊ पोटफोडे और जिला उपाध्यक्ष जयंत भाऊ कतरकर के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया पवन तडस को हिंगनघाट तालुका अध्यक्ष के रूप में नियुक्त किया गया साथ ही हिंगनघाट का संपूर्ण प्रभार शहर अध्यक्ष के रूप में केतन तायवाड़े को सौंपा गया साथ ही नगर संगठक स्वप्निल दाते नगर सचिव योगेश नासरे नगर उपाध्यक्ष रमेश राऊत,नगर उपाध्यक्ष कामेश बावने, मंडल अध्यक्ष सागर घवघवे, तहसील संगठक देवा काटकर तहसील उपाध्यक्ष सूरज भोसले तहसील सचिव सुधीर बुरिले आदि नई कार्यकारिणी का गठन किया गया और बाकी पदों की घोषणा कुछ ही दिनों में कर दी जाएगी और जिला अध्यक्ष द्वारा सभी को शुभकामनाएं दी गई और पार्टी बंधन का आदेश भी दिया गया.

## धान के ढेर को लगाई आग, जलकर खाक

**आमगांव (गोंदिया).** आमगांव तहसील के ग्राम माल्ही में किसान के खेत में रखे धान के ढेर को अज्ञातों द्वारा आग लगा दी गई। इस घटना में किसान को हजारों रुपयों का नुकसान हुआ है। यह घटना 6 दिसंबर को देर रात 2 बजे घटित हुई है। घटना की जानकारी प्रशासन को दे दी गई है। इस संदर्भ में प्राप्त जानकारी के अनुसार माल्ही निवासी किसान मिलिंद देवराज बिसेन ने अपने खेत में एचएमटी नामक धान फसल का उत्पादन लिया था। फसल तैयार होने के उपरांत उसे काटकर खेत में ही ढेर बनाकर रखा गया था। लेकिन अज्ञातों ने धान के ढेर को आग के हवाले कर दिया। इस घटना में मिलिंद बिसेन को हजारों रुपयों का नुकसान हुआ है। घटना की जानकारी पटवारी लाड़े को मिलते ही वे मौके पर पहुंचे और पंचनामा किया। इस समय पुलिसकर्मी उके, राजीव फुंडे, शरणागत, कमलेश कोड़ापे, राजेश मानकर, महारवाड़े उपस्थित थे।

# शासकीय आश्रम शाला बोरगांव/बा. में प्रकल्प स्तरीय क्रीड़ा स्पर्धा का शुभारंभ

देवरी (गोंदिया).

एकात्मिक आदिवासी विकास प्रकल्प देवरी अंतर्गत शासकीय आश्रमशाला बोरगांव बाजार में शनिवार को तीन दिवसीय प्रकल्प स्तरीय क्रीड़ा स्पर्धा का उद्घाटन प्रकल्प अधिकारी उमेश काशिद के हस्ते संपन्न हुआ। मुख्य अतिथियों में बोरगांव/बा की सरपंच कल्पना देशमुख, उपसरपंच काशीताई पुंजाम, सेवानिवृत्त पुलिस उपनिरीक्षक उमाशंकर शर्मा, सलामे, देवरी सहायक प्रकल्प अधिकारी डॉ.सायली चिखलीकर, विनोद गायकवाड़ प्रमुखता से उपस्थित थे। एकलव्य मॉडल रेसिडेंशियल स्कूल के मैदान में 7 से 9 दिसंबर तक चलने वाले इस क्रीड़ा स्पर्धा में आ.वा.विकास प्रकल्प कार्यालय देवरी अंतर्गत सभी शासकीय और अनुदानित आश्रम शाला के करीब 900 विद्यार्थी हिस्सा लेंगे।

विजेता विद्यार्थियों को चेंबूर में विभागीय स्तर और नागपुर में राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने का अवसर मिलेगा। प्रकल्प अधिकारी उमेश काशिद ने स्पर्धा में भाग लेने वाले विद्यार्थियों को मार्गदर्शन करते हुए उन्हें पढ़ाई के साथ खेलकूद का महत्व समझाते हुए कड़ी मेहनत और समर्पण को सफलता की कुंजी बताया। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी जीवन में की गई मेहनत ही स्वर्णिम भविष्य की नींव होती है। गुरूजनों, परिजनों की सलाह और निरंतर प्रयास से ही इस कड़ी प्रतिस्पर्धा वाले दौर में सफलता निश्चित है। साथ ही उन्होंने विद्यार्थियों को स्पर्धा का भरपूर आनंद लेने और सफल होने के लिए शुभकामनाएं दीं।

## दुर्घटना में गंभीर जखमी

**गोंदिया.** रावणवाड़ी पुलिस थानांतर्गत फरियादी रजेगांव निवासी प्रदीप प्रल्हाद पाटील (29) की मां पुष्पाबाई प्रल्हाद पाटील (49) यह 4 दिसंबर को इमला राजेश परिहार के साथ खेत से घर वापस लौट रही थी। इसी दौरान बालाघाट से गोंदिया रोड़ पर पिछे से आ रही टीवीएस मोटरसाईकिल क्र. एमएच-35/एक्यू-6419 के चालक सागर प्यारेलाल तेलासे ने अपना वाहन तेज गति से लापरवाहीपूर्वक चलाते हुए फरियादी की मां को पिछे से टक्कर मार दी।

इस घटना में वह सड़क किनारे गिर गई एवं उसके सिर, कमर एवं हाथ में मार लगने से जखमी हो गई। फरियादी रिपोर्ट पर रावणवाड़ी पुलिस ने अपराध क्र. 452/2024 भारतीय न्याय संहिता की धारा 281, 125 (ए) 125 (बी) तथा मोवाका की धारा 184 के तहत मामला दर्ज किया है। इस मामले की जांच पुलिस हवलदार अरविंदकुमार चौधरी कर रहे है।

# धादरी/उमरी व येगांव ग्रापं का निरीक्षण

गोंदिया.

संत गाड़गेबाबा ग्राम स्वच्छता अभियान वर्ष 2022-23 अंतर्गत राष्ट्रसंत तुकड़ोजी महाराज स्वच्छ ग्राम स्पर्धा को लेकर नागपुर विभागीय जांच समिति की ओर से जिले के विभागीय स्पर्धा के लिए पात्र तिरोड़ा तहसील की धादरी/उमरी व अर्जुनी मोरगांव तहसील की येगांव ग्राम पंचायत की 5 व 6 दिसंबर को दो दिवसीय जांच की गई।

राज्य शासन की ओर से गांव स्वच्छ व सुंदर तथा आदर्श होने के लिए प्रतिवर्ष गाड़गेबाबा ग्राम स्वच्छता अभियान के माध्यम से राष्ट्रसंत तुकड़ोजी महाराज स्वच्छ ग्राम चलाया जाता है। इसी के तहत वर्ष 2022-23 में जिले में जिला परिषद गुट स्पर्धा, जिलास्तरीय स्पर्धा चलाई गई थी। जिसमें अर्जुनी मोरगांव तहसील की येगांव ग्राम पंचायत प्रथम व तिरोड़ा तहसील की धादरी ग्राम पंचायत द्वितीय क्रमांक पर आई थी।

जिसके लिए दोनों ही ग्राम पंचायत विभाग स्तरीय स्पर्धा के लिए पात्र रही। इसी के लिए 5 दिसंबर को तिरोड़ा के धादरी ग्राम पंचायत की विभागीय टीम द्वारा जांच की गई। इस टीम में सहायक आयुक्त (आस्थापना) के साथ ही समिति अध्यक्ष विवेक इलमे, सहायक आयुक्त (विकास) के साथ ही समिति सचिव कमलकिशोर फुटाने, अधीक्षक अभियंता के साथ ही समिति सदस्य बेले, समिति सदस्य सहायक गुट विकास अधिकारी छत्रपाल पटले, समिति सदस्य विस्तार अधिकारी अमोल महल्ले का समावेश था। इस दौरान गुट विकास अधिकारी सतीश लिल्हारे, जिला जल व स्वच्छता विभाग के भागचंद्र रहांगडाले, विस्तार अधिकारी पंचायत शितेश पटले, विस्तार अधिकारी अनूप भावे, विस्तार अधिकारी बडोले, समूह समन्वयक अनूप रंगारी, तहसील चिकित्सा अधिकारी सहित अन्य विभाग के कर्मचारी उपस्थित थे। 6 दिसंबर को अर्जुनी मोरगांव तहसील के येगांव ग्राम पंचायत की विभागीय टीम ने जांच की। इस समय जांच टीम के साथ गुट विकास अधिकारी वैद्य, जिला जल व स्वच्छता विभाग के रहांगडाले, विस्तार अधिकारी पंचायत सहारे, विस्तार अधिकारी स्वास्थ्य मोरेश्वर धोंगड़े, समूह समन्वयक सुरेश पटले आदि उपस्थित थे। इस अवसर पर जल व स्वच्छता की जांच कर शाला तथा आंगनवाड़ी में भेंट देकर निरीक्षण किया गया।

# मंत्री पद के लिए विधायकों को करना पड़ सकता है इंतजार

गोंदिया.

5 दिसंबर को मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस एवं दो उपमुख्यमंत्रियों की शपथ ग्रहण के साथ ही राज्य में नए मंत्रीमंडल का गठन हो गया। लेकिन मंत्रीमंडल में मंत्रियों की शपथ होना अभी बाकी है। 7 से 9 दिसंबर तक आयोजित विधानसभा के विशेष सत्र में केवल विधायकों की शपथ विधी एवं विधानसभा अध्यक्ष का चुनाव भी होना है।

इसके बाद 16 दिसंबर से नागपुर में एक सप्ताह का विधानसभा का शीतकालीन अधिवेशन होगा। कहा जा रहा था कि इससे पूर्व मंत्रियों की शपथ विधी समारोह होगा। लेकिन जो जानकारी मिल रही है उसके अनुसार नागपुर अधिवेशन के बाद ही मंत्री मंडल का विस्तार किए जाने की संभावना है। यदि ऐसा होता है तो मंत्री पद की दौड़ में शामिल विधायकों को अगले कुछ दिनों तक और इंतजार करना पड़ सकता है।

गोंदिया जिले की बात यदि की जाए तो यहां की 4 में से 3 सीटों पर भाजपा ओर एक सीट पर राकांपा (अजित पवार) के उम्मीदवार विजयी हुए है। जिले की जनता ने इस बार महायुती को जो प्रचंड बहुमत दिया है। उसके बाद यह संभावना काफी अधिक हो गई है कि जिले से किसी एक विधायक को मंत्री मंडल में अवश्य शामिल किया जाएगा और जिले को स्थानीय पालकमंत्री मिल सकेगा। जिससे विकास की गति तेज होगी। मंत्रिमंडल में शामिल किए जा सकने वाले क्षेत्र के नेताओं में सबसे पहला नाम विधान परिषद सदस्य डा. परिणय फुके का है।

फुके इससे पूर्व गोंदिया-भंडारा स्थानीय स्वराज्य संस्था से विधान परिषद सदस्य निर्वाचित हुए थे और उन्हे दोनों जिलों की राजनिती की गहरी समझ है वे गोंदिया जिले के पालकमंत्री रह चुके है और वे मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के काफी करीबी माने जाते है। जिससे उनके मंत्री बनने की प्रबल संभावना है।

ऐसे में उन्हे भंडारा जिले के पालकमंत्री का पदभार सौंपा जा सकता है। जहां तक गोंदिया जिले से निर्वाचित विधायकों को मंत्रीमंडल में शामिल किए जाने की संभावना है। ऐसे में यदि डा. फुके भाजपा कोटे से मंत्री बनते है तो गोंदिया जिले से राकांपा के एकमात्र विधायक पूर्व मंत्री राजकुमार बडोले को मंत्री मंडल में शामिल किए जाने की प्रबल संभावना है। चूंकि वे सांसद प्रफुल पटेल के विश्वास पात्र होने के साथ ही भाजपा नेताओं के भी चहेते है और पिछड़ा वर्ग का प्रतिनिधित्व करते है। ऐसे में उनके अनुभव और स्वीकार्यता के चलते उन्हे मौका दिए जाने की चर्चा भी चल रही है।

### कमल खिलाने वाले विनोद अग्रवाल का भी चर्चा में

भाजपा कोटे से एक नाम गोंदिया जिला मुख्यालय की विधानसभा सीट पर पहली बार कमल खिलाने वाले विनोद अग्रवाल का भी चर्चा में है। पहले ऐसा माना जा रहा था कि विधायकों की शपथ ग्रहण के तुरंत बाद मंत्री मंडल का विस्तार हो सकता है। लेकिन वर्तमान राजनितिक गतिविधियों और महायुति के घटक दलों के बीच सहमति में हो रहे विलंब के चलते मंत्री मंडल विस्तार में अभी और कुछ दिन लगने की संभावना जताई जा रही है। जिले की जनता को इस बात की उत्सुकता है कि जिले के किस जनप्रतिनिधि को मंत्रीमंडल में शामिल किया जाता है।

# सैनिक दल की ओर से रक्तदान शिविर का हुआ आयोजन

## > एक नोटबुक और मानवंदना का आयोजन

वर्धा.

ऑल इंडिया समता सैनिक दल वर्धा की ओर से युगप्रवर्तक डॉ. बाबासाहब अम्बेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस के अवसर पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इसके साथ ही महापरिनिर्वाण पर लोगों को एक पेन और एक नोटबुक समता सैनिक दल को दान करना चाहिए. इसका उद्देश्य दान की गई नोटबुक, पेन को गरीब और जरूरतमंद छात्रों तक पहुंचाना और छात्रावास के छात्रों को मदद के रूप में नोटबुक और पेन वितरित करना और उन्हें शैक्षिक सामग्री भी प्रदान करना है। अखिल भारतीय समता सैनिक दल की ओर से रक्तदान शिविर एवं डोनेट ए पेन एंड नोटबुक पहल का उद्घाटन जिला परिषद वर्धा के मुख्य कार्यकारी अधिकारी जितिन रहमान ने किया। उन्होंने रक्तदान भी किया. इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित कार्यकर्ताओं से डॉ. बाबा साहेब अम्बेडकर की जीवनी के पहलुओं पर टिप्पणी की। इस अवसर पर मुख्य कार्यकारी अधिकारी जितिन रहमान की उपस्थिति में सिविल लाइन से समता सैनिक दल की ओर से डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर की प्रतिमा के पास कार्यक्रम आयोजित किया गया. जहां डॉ. बाबा साहेब अम्बेडकर को नमन किया गया एवं प्रतिज्ञा पढ़ी गयी। 52 लोगों ने रक्तदान किया. वरिष्ठ नागरिक सावंगी मेघे, थुल परिवार और अन्य लोगों ने 450 नोटबुक और 300 पेन दान किए।

इस अवसर पर ऑल इंडिया समता सैनिक दल वर्धा विदर्भ के सचिव रमेश निमसडकर, महाराष्ट्र राज्य कार्यकारिणी सदस्य अनिल खडतकर, जिला अध्यक्ष राहुल नगराले, जिला सचिव आशीष मेश्राम, जिला संयुक्त सचिव आशीष रत्नमाला नरेश लोखंडे, जिला उपाध्यक्ष नुरुल तड़से, महाराष्ट्र राज्य कार्यकारिणी सदस्य आरती निमसडकर, जिला उपाध्यक्ष सरिता कुसले, जिला बौद्धिक प्रमुख डॉ. माधवी पाटिल, जिला मार्गदर्शक सुनील बाभले, जिला कार्यकारिणी सदस्य हर्षल गजभिये, मयूरी पंधराम, तहसील बौद्धिक प्रमुख जीवनप्रकाश निमसडकर, कानूनी सलाहकार एड. कपिलवृक्ष गोडघाटे उपस्थित थे. कार्यक्रम का संचालन महेंद्र रत्नबोधि और मानवंदना का संचालन कोच दिलीप तागड़े ने किया और धन्यवाद ज्ञापन अनिल खड़तकर ने किया।

## निधन वार्ता

निधन समाचार के नि:शुल्क प्रकाशन हेतु संपर्क करे हमे ई-मेल करे ngpms2019@gmail.com

### रमेश विट्ठलराव कडू

**हिंगनघाट.** रमेश विट्ठलराव कडू का इलाज के दौरान सेवाग्राम अस्पताल में निधन हो गया।उनकी उम्र 74 साल थी.वह नगर परिषद हिंगनघाट जलापूर्ति विभाग के सेवानिवृत्त कर्मचारी थे.उनके 2 बेटे 1 बेटी और एक बड़ा परिवार है।उनका अंतिम संस्कार हिंगनघाट स्थित मोक्षधाम में किया गया।

# 30 लाख करोड़ डॉलर की अर्थव्यवस्था बन जाएगा भारत

## > केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का बयान

**जमशेदपुर.**

केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि भारत 2047 तक 30 लाख करोड़ डॉलर की अर्थव्यवस्था बन जाएगा। उन्होंने कहा कि दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था भारत वर्तमान में पांचवें स्थान पर है और अगले तीन सालों में यह तीसरे स्थान पर पहुंच जाएगा। वे शनिवार को जमशेदपुर में एक्सएलआरआई-स्कूल ऑफ मैनेजमेंट के साल भर जारी रहने वाले प्लेटिनम जुबली समारोह के समापन समारोह में बोल रहे थे।

समारोह को संबोधित करते हुए केंद्रीय शिक्षा मंत्री ने कहा कि 75 साल पहले जब एक्सएलआरआई अस्तित्व में आया था, तब दुनिया

आर्थिक मोर्चे पर भारत को जानती तक नहीं थी लेकिन आज हम तीन लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर के साथ दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती और पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था हैं।

दुनिया में 46 प्रतिशत डिजिटल लेनदेन हमारे देश में होते हैं। हम सेवा क्षेत्र में आत्मनिर्भर बन गए हैं।"

नई शिक्षा नीति को लेकर केंद्रीय शिक्षा मंत्री ने कहा कि इस नीति का मकसद धन और रोजगार सृजन करना है। केंद्रीय शिक्षा मंत्री का यह बयान ऐसे वक्त में आया जब इन दिनों कांग्रेस और अन्य विपक्षी दल विकास दर में गिरावट को लेकर लगातार केंद्र सरकार पर निशाना साध रहे हैं।

बीते शनिवार को कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने आरोप लगाते हुए कहा था कि केंद्र सरकार आर्थिक मामलों में लगातार विफल साबित हो रही है। उन्होंने देश में निजी निवेश में आ रही कमी, महंगाई और विनिर्माण क्षेत्र में सुस्ती के लिए वर्तमान सरकार को जिम्मेदार ठहराया।

### देश में रोजगार बढ़ाने की जरूरत

अपने भाषण में दावा करते हुए उन्होंने कहा कि, "हम अगले तीन सालों में पांच लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर के साथ दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होंगे।" उन्होंने भारत की अर्थव्यवस्था 2047 तक 30 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर तक बढ़ने की उम्मीद भी जताई। उन्होंने कहा कि भारत को धन और रोजगार सृजनकर्ता बनना होगा। उन्होंने कहा, " हमारे पास लाखों रोजगार सृजन की क्षमता है। दुनिया डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे के लिए भारत की ओर देख रही है।

# होटलों में बांग्लादेशियों की एंट्री बैन

**नई दिल्ली.**

बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों के साथ हो रहे अत्याचार और वहां के हालात किसी से छिपे नहीं हैं। इस वजह से भारत के कई इलाकों में विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं। असम में बांग्लादेश की सीमा के पास वाले जिलों में बड़े पैमाने पर प्रदर्शन हुए हैं। इस अशांति की वजह से बराक घाटी के होटलों और रेस्तराओं ने बांग्लादेशी ग्राहकों के प्रवेश पर रोक लगाने का फैसला किया। अब असम के बाद त्रिपुरा में भी कुछ इसी तरह का ऐलान किया गया है।

त्रिपुरा के होटल संचालकों ने ये फैसला किया है कि बांग्लादेशी नागरिकों को अब वो कोई भी होटल रूम नहीं देंगे। उनका कहना है कि बांग्लादेश में भारत के राष्ट्रीय ध्वज का अपमान किया गया है इसलिए उन्होंने यह फैसला लिया है। 2 दिसंबर से पहले चेक इन करने वाले बांग्लादेशी नागरिक फिलहाल होटल में रह सकते हैं लेकिन उसके बाद की कोई भी बुकिंग स्वीकार नहीं की जा रही है। 2 दिसंबर के बाद की बुकिंग वैलिड नहीं है ऑल त्रिपुरा होटल एंड रेस्टेंट ओनर्स एसोसिएशन के ऑफिस सचिव, भास्कर चक्रवर्ती ने कहा कि 2 दिसंबर को हमने अपने सदस्यों की उपस्थिति में यह निर्णय लिया कि 2 दिसंबर से कोई भी होटल बांग्लादेशी नागरिकों के लिए उपलब्ध नहीं होगा। इस निर्णय के पीछे की वजह वहां हमारे राष्ट्रीय ध्वज का अपमान है।

इसके अलावा बराक घाटी के तीन जिलों में बीते कुछ दिनों से बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचारों के खिलाफ विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं। बराक घाटी में कई जगह बांग्लादेशी सामानों का बहिष्कार हो रहा है। श्रीभूमि के जिला उपायुक्त प्रदीप कुमार द्विवेदी ने इस मामले पर बीबीसी से कहा कि होटल मालिकों का यह फैसला व्यक्तिगत है। प्रशासन भारत सरकार के कूटनीतिक कानूनों के मुताबिक काम करता है। जो लोग विरोध कर रहे हैं। ये उनका अधिकार है।

# यूपी को तीन और अमृत भारत की सौगात

## मुंबई से लेकर चंडीगढ़ तक का सफर होगा आसान

**नई दिल्ली.**

रेलवे ने यूपी को तीन और अमृत भारत की सौगात दी है। जनरल व स्लीपर क्लास में यात्रा करने वालों की सुविधा के लिए रेलवे लखनऊ के रास्ते तीन और अमृत भारत एक्सप्रेस चलाएगा। चंडीगढ़ से वाराणसी, गोरखपुर से मुंबई और हावड़ा से दिल्ली वाया लखनऊ ट्रेनें चलेंगी।अभी तीन रूटों पर अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेनों का संचालन हो रहा है। इसमें लखनऊ के रास्ते आनंदविहार से दरभंगा के लिए एक अमृत भारत एक्सप्रेस है। अब रेलवे बोर्ड 26 और अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेनें पटरी पर उतारने जा रहा है। अफसरों के मुताबिक इनमें से तीन लखनऊ के रास्ते चलेंगी। बिना एसी वाली अमृत भारत एक्सप्रेस आम यात्रियों के लिए डिजाइन की गई है। नई ट्रेनों में सीसीटीवी कैमरे लगे रहेंगे। टॉक-बैक सिस्टम से यात्री आपात स्थिति में सीधे लोको पायलट व ट्रेन मैनेजर से संपर्क कर सकेंगे। वैक्यूम बायो टॉयलेट, आरामदायक सीटों की सुविधा मिलेगी। 22 बोगियों वाली अमृत भारत एक्सप्रेस में 1834 यात्री सफर कर सकेंगे। ये ट्रेनें 130 किमी की रफ्तार से दौड़ेंगी।

# शिक्षकों के लिए आयोजित की कार्यशाला

**सौंसर.**

के सभी प्राइवेट स्कूल के शिक्षक/ शिक्षिका के लिए शिक्षक प्रशिक्षण कार्यशाला (चतुर्थ वर्ष) का आयोजन किया गया ! जिसमें 250 से ज्यादा शिक्षक/ शिक्षिकाओं ने प्रशिक्षण प्राप्त किया ! इस कार्यक्रम की शुरुआत मा सरस्वती के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया !

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भास्कर गांवड़े विकासखंड शिक्षा अधिकारी सौसर, पंचीकरण गुरुवे एवं सचिव तर्कशील विचार समिति, अतिथि चेनसा यादव विकासखंड स्त्रोत समन्वयक सौसर, चित्रसेन रबडे, निलेश ठाकरे, अनंत फसाटे, आशीष जायसवाल, रवि कोठेकर, स्वरूप पराड़कर, हर्षल काले समस्त प्राइवेट स्कूल संचालक एवं प्राचार्य उपस्थित रहे ! इस कार्यक्रम का आयोजन रतना सागर दिल्ली, विनोद कुमार शुक्ला, धीरेन्द्र थापा एवं हेमंत सनोडीया संचालक स्टूडेंट बुक डिपो, सौसर द्वारा किया ! इस टीचर ट्रेनिंग कार्यशाला कार्यक्रम में ट्रेनिंग देने आए प्रतीक दुबे रिसोर्स पर्सन ट्रेनर, भोपाल द्वारा न्यू एजुकेशन पॉलिसी एवं एक्टिविटी बेस लर्निंग पर ट्रेनिंग दिया ! ट्रेनिंग पाकर सभी शिक्षक शिक्षिका प्रसन्न हुए ! कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी प्राइवेट स्कूल के शिक्षक/ शिक्षिका, संचालक, प्राचार्य एवं सौसर अशासकीय शाला संघ, सौसर के सभी पदाधिकारियों ने अपना विशेष सहयोग प्रदान किया !

# जगनाडे महाराज की 400वी जयंती मनाई गई

**नागपुर.**

ओबीसी युवा अधिकार मंच द्वारा आयोजित कार्यक्रम तेली समाज के आराध्य दैवत संत शिरोमणी संताजी जगनाडे महाराज जी की 400 वी जयंती के अवसर पर ओबीसी युवा अधिकार मंच की ओर से एक भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर संताजी महाराज को विनम्र अभिवादन अर्पित किया गया और फूलों की माला अर्पित कर उनका सम्मान किया गया। कार्यक्रम में संताजी महाराज की 400 वी जयंती बड़े हर्षोल्लास और श्रद्धा भाव से मनाई गई। इस कार्यक्रम में ओबीसी युवा अधिकार मंच के प्रमुख सदस्य पियुष आकरे, सौ. कृतल आकरे, उमेश कोर्राम, मनीष गिरडकर, नयन काळभांडे, देवेंद्र समर्थ, सौ. वंदना वंनकर, अजय कांबळे सहित बड़ी संख्या में समाज बंधू एवं अन्य समाज के लोग उपस्थित रहे। इस अवसर पर सभी ने संताजी महाराज के योगदान और उनके प्रेरणादायक जीवन के बारे में चर्चा की।

# नवचेतना केंद्र रामाकोना में बैठक संपन्न

**सौंसर.**

गायत्री नवचेतना केंद्र रामाकोना द्वारा आयोजित नौ कुंडीय यज्ञ में नवचेतना केंद्र प्रभारी खेमराज श्रीबंधु एवं तहसील समन्वयक शंकरराव धोरकी, पूर्व प्रबंध ट्रस्टी किशोर किनकर एवं महादेव जैवार गुरुजी की उपस्थिति में बैठक संपन्न हुई। जिसमे अखंड ज्योति मासिक पत्रिका 50 और युग निर्माण 50 तक बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हुए रामाकोना नवचेतना केंद्र ने 59 गांव पहुंचने की योजना पर एवं आगामी महीनों में ज्योति कलश यात्रा भी आयोजित होना है। चर्चा हुई इस दौरान माता समिति एवं गायत्री परिवार के युवाओ द्वारा वृक्षारोपण किया गया।पांच वृक्ष सुरक्षित रूप से माता जी के परिसर में रोपित किए गए। स्वल्पाहार की व्यवस्था सटवाई माता समिति ने किया था। इस अवसर पर हेमंत जेवार, जनार्दन उपासे ,चीरकुटराव चरडे, गणेश कापसे, अक्षय येवलेकर, विलास चावके घनश्याम सोनेकर अनिल टोंगे, विनोद खड़कर , गणेश कापसे, तुकाराम गुरु उपस्थित रहे। ज्ञात हो कि तीन दिवसीय यज्ञ में विविध आयोजन में वृक्षारोपण भी एक हिस्सा था।

# रेत का अवैध परिवहन करते 6 टिप्पर पकड़ाए

## > जिलाधिकारी के निर्देश पर तहसीलदार ने की कार्रवाई

**गोंदिया :**

गोंदिया शहर के कुड़वा मेडिकल कॉलेज-दासगांव मार्ग पर रेत का अवैध परिवहन करते हुए 6 टिप्परों को गोंदिया के तहसीलदार समशेर पठान एवं उनकी टीम ने पकड़ा। सभी टिप्पर पंचनामा करने के पश्चात जिलाधिकारी कार्यालय में लाकर रखे गए है। यह कार्रवाई 6 दिसंबर की रात 11 से 3 बजे के दौरान की गई। इस कार्रवाई से रेत का अवैध व्यवसाय करने वालों में हड़कंप मच गया है। इस संदर्भ में मिली जानकारी के अनुसार जिलाधिकारी प्रजित नायर, अपर जिलाधिकारी घनश्याम भूगावकर, उपविभागीय अधिकारी चंद्रकांत खंडाईत के निर्देश पर अवैध रेत परिवहन के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए तहसीलदार समशेर पठान एवं उनकी टीम ने कुडवा मेडिकल कॉलेज दासगांव रोड़ पर नाकाबंदी की। इस दौरान उन्हे रेती से भरे टिप्पर जाते हुए दिखाई पड़े।

रोककर वाहन चालकों से रेत की रॉयल्टी के संबंध में पुछताछ की गई तो उन्होने रॉयल्टी नहीं होने की बात कहीं। एक के पिछे एक आने वाले 6 टिप्परों की की जांच की गई तो दो टिप्पर के चालकों ने रॉयल्टी होने की बात बताई। लेकिन उन टिप्परों में क्षमता से अधिक रेत भरी पायी गई। पुछताछ के दौरान यह भी पता चला कि 6 टिप्परों में से 5 नागपुर एवं 1 टिप्पर अमरावती जा रहा था। तहसीलदार समशेर पठान ने बताया कि रॉयल्टी न होने एवं क्षमता से अधिक रेत भरकर परिवहन किए जाने पर सभी टिप्परों को जिलाधिकारी कार्यालय गोंदिया के परिसर में लाकर रखा गया है। टिप्पर में कितनी अधिक रेत भरी हुई है। इस संबंध में लोक निर्माण विभाग से रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद उन पर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। शनिवार एवं रविवार अवकाश का दिन होने के कारण सोमवार 9 दिसंबर को ही आगे की कार्रवाई किए जाने की बात भी उन्होने कहीं। कार्रवाई के दौरान पथक में शामिल अधिकारियों में मंडल अधिकारी आर.एस. बोडखे एवं प्रविण रोकड़े, पटवारी रोहित बिसेन, गोवर्धन हटवार एवं प्रफुल कोरे का समावेश था। तहसीलदार पठान ने यह भी बताया कि इस कार्रवाई में रामनगर पुलिस की टीम ने भी सहयोग दिया। उसी प्रकार अवैध रेत परिवहन करने वालों पर वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में आगे भी इसी तरह की कार्रवाई जारी रहेगी।

# सफल रहा ग्राम खमारी में अखिल भारतीय कवि सम्मेलन

**गोंदिया.**

ग्राम खमारी में युवा जागृति मंडई मेला समिति द्वारा शिव महापुराण कथा सप्ताह 1 दिसंबर से 7 दिसंबर तक मनाया गया. जिसमे बैतूल मध्य प्रदेश से पधारी प्रसिद्ध कथावाचक वर्षा किशोरी के मुखारविन्द से महाशिवपुराण कथा का आनंद श्रध्दालुगण बड़ी संख्या में ले रहे है। इसी उपलक्ष्य में गत 5 दिसम्बर को दोपहर मे यहाँ अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसमें देश के विभिन्न क्षेत्रों से लब्ध प्रतिष्ठित कवियों ने हिस्सा लिया।शुभारंभ कवयित्री प्रियंका सजल ने मां सरस्वती की वंदना से किया।

जबलपुर (मध्यप्रदेश) से पधारे कवि विनोद नयन के कुशल मंच संचालन में शशि तिवारी, गोंदिया (महाराष्ट्र) ने बेहतरीन गीत प्रस्तुत किए। मंतोष मजूमदार, प्रयागराज (उत्तर प्रदेश), प्रदीप दर्शन, वारासिवनी (मध्यप्रदेश), सुरेश बंजारा, नागपुर (महाराष्ट्र), किशोर सागर, बालाघाट (मध्यप्रदेश), प्रियंका सजल आमगांव (महाराष्ट्र), मनोज मुसव्विर, गोंदिया (महाराष्ट्र), लक्ष्मीचंद ठाकरे, डोंगरिया (मध्यप्रदेश), किशनलाल सिंह गुरु, अलीगढ़ (उत्तर प्रदेश), निखिलेशसिंह यादव, गोंदिया (महाराष्ट्र), चंद्रप्रकाश बनकर,खमारी (महाराष्ट्र) एवं यशोधरा सोनवाने ने अपनी कविताओं से वातावरण को हास्य-व्यंग्य, श्रृंगार, देशभक्ति के विविध रंगों से भर दिया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रीराम विद्यालय, खमारी के मुख्याध्यापक विनोद रावते ने की। उद्घाटन तलाठी दीपक गोले के हस्ते हुआ। प्रमुख अतिथि के रूप में डॉ. रमेश गोवाड़े, मनीष खाड़े, गजानन तरोने, शेखर पारधी, एस. पी. कोरे, यशोधरा सोनवाने, जयश्री बालबुद्धे,दिनेश डोंगरे, संदीप सोमवंशी, नंदकिशोर चित्रीव, उत्क्रांत ऊके, पद्माकर गायधने, सुखदेव मानकर, वी. के. बोरकर उपस्थित थे।

अंत में आभार प्रदर्शन प्रा. नीलकंठ चिचाम ने किया कार्यक्रम के सफलतार्थ संतोष लिल्हारे, सोनू तावाडे, मनीष भांडारकर, अप्पू लिल्हारे, विष्णु भांडारकर, महेंद्र बनकर, विजय लिल्हारे, संतोष बनकर, रिंकू आंनादिकर, शिवानंद बागडे, विकास मरस्कोल्हे सहित सभी ग्रामवासियों ने सहयोग दिया। कवि सम्मेलन के अंत में सभी कवियों ने कथा वाचक सुश्री वर्षा किशोरी जी का पुष्पगुच्छ से अभिनंदन किया एवं शुभाशीष प्राप्त किया। वहीं आरंभ में गोसाईं देव मंदिर में भी पूजा अर्चना कर दर्शन लाभ लिया

# मवेशियों की चोरी

**गोंदिया.**

गोरेगांव पुलिस थाना अंतर्गत श्रीरामपुर निवासी 45 वर्षिय महिला फरियादी ने अपने घर की वाड़ी में एक बकरा और एक बकरी बांधकर रखे हुए थे। 4 दिसंबर को दोपहर 2 बजे के दौरान जब फरियादी अपने जानवरों को दूसरी जगह बांधने के लिए उन्हें देखने वहां गई तो उन्हे बकरा एवं बकरी दिखाई नहीं दी।

फरियादी की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ अपराध क्र. 545/2024 बीएनएस की धारा 303 (2) के तहत मामला दर्ज किया है। इस मामले की जांच पुलिस हवलदार कोसमे कर रहे है।

# सीएसआर फंड से होगा पीड़ितों का बोन मैरो ट्रांसप्लांट

**नागपुर.**

यदि किसी बच्चे को सिकलसेल या थैलेसीमिया है, तो उसके परिजनों (माता-पिता, भाई-बहन) की एचएलए टाइपिंग जांच की जाती है। यह टेस्ट मैच हुआ, तो उनका समुपदेशन किया जाता है। समुपदेशन के दौरान बताया जाता है कि बच्चे की बीमारी का उपचार किया जा सकता है। इसके लिए एचएलए टाइपिंग मैच होने वाले सदस्य को बोन मैरो ट्रांसप्लांट के लिए बताया जाएगा। यदि वह मान गया, तो आगे के खर्च व अन्य पहलुओं के बारे में बताया जाता है। ऐसा डागा अस्पताल के हेमेटोलॉजी सेंटर के विभाग प्रमुख डॉ. संजय देशमुख ने बताया है। डॉ. देशमुख ने कहा कि बोन मैरो ट्रांसप्लांट का खर्च औसत 25 लाख रुपए तक आता है। आम जनों के लिए यह खर्च कर पाना संभव नहीं है। इसलिए डब्ल्यूसीएल ने सीएसआर फंड से बोन मैरो ट्रांसप्लांट के लिए प्रति मरीज 10 से 12 लाख रुपए तक की स्वीकृति दी है। इसके अलावा महात्मा ज्योतिबा फुले जन स्वास्थ्य योजना से 5 लाख रुपए तक राशि मिलेगी। अन्य कुछ समाजसेवी संगठनों से इसके लिए हाथ बढ़ाने का अनुरोध किया जाने वाला है। उन्होंने ने बताया कि सिकलसेल मरीजों को जीवनभर रक्त चढ़ाना पड़ता है। इससे संक्रमण का डर बना रहता है। बच्चों के शारीरिक विकास की गति थम जाती है। रक्त चढ़ाने के बावजूद मरीज स्वस्थ नहीं होता है। अधिकतम 15 साल की आयु तक बोन मैरो ट्रांसप्लांट हो जाना चाहिए। ट्रांसप्लांट सफल होने पर पीड़ित बच्चों को रक्त देने की आवश्यकता नहीं होती। वह हमेशा के लिए स्वस्थ हो जाता है।

# सड़क दुर्घटना में युवक घायल

**गोंदिया.** गजानन कॉलोनी गोंदिया निवासी मयुर हेमराज कापगते (31) अपने मामा के घर ग्राम सासरा से अपनी मोटरसाइकिल क्र. एमएच-35/एई-057 से गोंदिया की ओर आ रहा था, इसी दौरान सड़क अर्जुनी में बोलेरो पिकअप वाहन क्र. एमएच-36/एए-2799 के चालक ने अपना वाहन तेज गति से लापरवाहीपूर्वक चलाते हुए दूसरे वाहन को ओवरटेक करते समय उसकी मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। जिससे उसे सिर एवं गर्दन में गंभीर चोटे आई। फरियादी सड़क अर्जुनी निवासी देविदास रूखमोडे (25) की रिपोर्ट पर डुग्गीपार पुलिस ने अपराध क्र. 450/2024 बीएनएस की धारा 281, 125 ए, बी के तहत मामला दर्ज किया है। इस मामले की जांच पुलिस हवलदार खोटेले कर रहे है।

**शुभांक**

| | | |
|---|---|---|
| श्रीदेवी | 180-9 | 150-6 |
| श्रीदेवी नाईट | 126-9 | 346-3 |

# हिंडन नदी में घुल रहा 'जहर'

**नई दिल्ली.**

राष्ट्रीय हरित अधिकरण ने हिंडन नदी के प्रदूषण को लेकर उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव से जवाब मांगा है। एनजीटी ने हिंडन नदी में प्रदूषण को लेकर मीडिया में आई खबरों का स्वतः संज्ञान लिया है। इन खबरों में कहा गया था कि इंडस्ट्रियल वेस्ट बहाए जाने और जलमल शोधन सुविधाओं की कमी के कारण हिंडन नदी लगातार प्रदूषित हो रही है। नदी में बढ़ रहे प्रदूषण के कारण आसपास के क्षेत्रों में रह रहे लोगों के स्वास्थ्य में पैदा हो रहे खतरों को लेकर भी चिंता जाहिर की है।

ट्रिब्यूनल के अध्यक्ष न्यायमूर्ति प्रकाश श्रीवास्तव की बेंच ने 27 नवंबर के अपने आदेश में कहा, "सहारनपुर में शिवालिक की पहाड़ियों से निकलने वाली और राज्य के 7 जिलों से होकर बहने वाली 400 किलोमीटर लंबी वर्षा आधारित हिंडन नदी अपने किनारे बसे 1.9 करोड़ लोगों की मदद करती है।

लेकिन, इंडस्ट्रियल वेस्ट बहाए जाने से नदी जहरीली हो गई है। इसमें 357 औद्योगिक इकाइयों से रोजाना 72,170 किलोलीटर (केएलडी) इंडस्ट्रियल वेस्ट और 94.30 करोड़ लीटर (एमएलडी) घरेलू जलमल बहता है। मीडिया रिपोर्ट का हवाला देते हुए पीठ ने कहा कि नदी में प्रदूषण की गंभीरता लगातार खराब होते पानी की गुणवत्ता से साफ पता चलती है। एनजीटी की पीठ में न्यायिक सदस्य न्यायमूर्ति अरुण कुमार त्यागी भी शामिल थे। एनजीटी ने नदी प्रदूषण के गंभीर प्रभावों के कारण नदी के किनारे बसे समुदायों में कैंसर, लिवर संबंधी समस्या, त्वचा संक्रमण, पीलिया, दांतों संबंधी समस्या और गुर्दे की पथरी के मामले बढ़ने पर चिंता भी जाहिर की।

मामले में सुनवाई करते हुए पीठ ने कहा कि मीडिया रिपोर्ट्स में पर्यावरण संबंधी अध्ययनों का हवाला दिया गया है। इसमें नदी के पानी में हैवी मैटल्स की खतरनाक स्तर पर मौजूदगी का खुलासा हुआ है। इसमें सीसा तय सीमा से 179 गुना अधिक, कैडमियम तय सीमा से नौ गुना अधिक और क्रोमियम तय सीमा से 123 गुना अधिक शामिल हैं। एनजीटी ने कहा कि बच्चे इन प्रदूषकों के ज्यादा संवेदनशील होते हैं, उन्हें धातु के संपर्क में आने तथा निगलने के कारण होने वाले जोखिम का अधिक सामना करना पड़ता है।

# पीएम वैश्विक निवेशक सम्मेलन का करेंगे उद्घाटन

## 30 लाख करोड़ के निवेश प्रस्तावों के लिए करार किये जा चुके

**नई दिल्ली.**



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सोमवार को राजस्थान में 'राइजिंग राजस्थान वैश्विक निवेशक सम्मेलन' 2024 का उद्घाटन करेंगे और इस दौरान वह मुख्य अतिथि के रूप में इस कार्यक्रम को संबोधित भी करेंगे। पीएमओ ने रविवार को एक बयान में ये जानकारी दी की। राजस्थान में निवेशक सम्मेलन का उद्घाटन करने के बाद प्रधानमंत्री हरियाणा के पानीपत में जीवन बीमा निगम की बीमा सखी योजना की शुरुआत करेंगे और फिर महाराणा प्रताप बागवानी विश्वविद्यालय के मुख्य परिसर का भी शिलान्यास करेंगे।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आगामी सोमवार से जयपुर में शुरू हो रहे 'राइजिंग राजस्थान' वैश्विक निवेश शिखर सम्मेलन-2024 का उद्घाटन करेंगे।

प्रधानमंत्री मोदी इस सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे और उद्घाटन भाषण देंगे। कार्यक्रम में स्वागत भाषण मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा दिया जाएगा।

इस तीन दिवसीय शिखर सम्मेलन में 32 देश भाग लेंगे जिसमें 17 देश 'पार्टनर कंट्री' होंगे। इस सम्मेलन में भाग लेने वाले देश के प्रमुख उद्योगपतियों में कुमार मंगलम बिड़ला, अनिल अग्रवाल, गौतम अदाणी, आनंद महिंद्रा, संजीव पुरी, अजय एस। श्रीराम शामिल हैं। यह सम्मेलन जयपुर एग्जीबिशन एंड कन्वेंशन सेंटर (जेईसीसी) में आयोजित होगा। कार्यक्रम में 5,000 से अधिक गणमान्य व्यक्ति, कारोबार और व्यापार जगत के दिग्गज, राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय संस्थाएं, निवेशक, प्रतिनिधि और अन्य प्रतिभागी भाग लेंगे। हालांकि इस सम्मेलन से पहले 30 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्तावों के लिए करार किये जा चुके हैं।

### स्वागत भजनलाल द्वारा दिया जाएगा

उद्घाटन सत्र में कुछ प्रतिष्ठित उद्योगपति मुख्यमंत्री शर्मा के नेतृत्व में राजस्थान सरकार द्वारा शुरू किए गए प्रमुख नीतिगत सुधारों और उसके जरिए राज्य में आ रहे बदलाव और कारोबार-व्यापार जगत की व्यावसायिक क्षमता के बारे में अपने-अपने विचार साझा करेंगे। इसके बाद कार्यक्रम में प्रधानमंत्री करनाल में महाराणा प्रताप बागवानी विश्वविद्यालय के मुख्य परिसर की आधारशिला भी रखेंगे। और मुख्य परिसर और 6 क्षेत्रीय अनुसंधान केन्द्र 495 एकड़ में फैले हुए हैं। जिन्हें 700 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से स्थापित किया जाने वाला है।